हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया









बुधवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सांई मंदिर के सामने व रेलवे के विभिन्न विभागों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा की गई।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने किया सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ



**बिलासपुर।** केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने तिफरा स्थित शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ कर उन्होंने छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता दिव्यागजनों को सम्मानित किया। समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को सशक्त करने विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक धरम लाल कौशिक ने की। रजत महोत्सव कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए रंगोली, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। मुख्य अतिथि तोखन साहू ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं सम्मान प्रदान किया गया। स्वागत भाषण संयुक्त संचालक टीपी भावे ने दिया। कार्यक्रम में श्रीमती श्रद्धा मैथ्यु जिला पुनर्वास अधिकारी, श्रीमती बबिता कमलेश उपनियंत्रक ब्रेल प्रेस, प्रशांत मोकासे सहायक सांख्यिकी अधिकारी एवं कार्यक्रम संचालक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### श्री रामलला दर्शन करने संभाग से रवाना हुए 850 श्रद्धालु



**बिलासपुर।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत बुधवार को भारत गौरव ट्रेन संभाग के 850 श्रद्धालु को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस विशेष ट्रेन को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, पूर्व महापौर श्रीमती वाणी राव, नगर निगम सभापति विनोद सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी एवं रेलवे के कर्मचारी उपस्थित थे।

### ड्राइंग में प्राची और कविता वाचन में काव्या प्रथम



**बिलासपुर।** 14 सितम्बर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर अवसर पर लायंस क्लब बिलासपुर शक्ति ने सुवाणी स्पेशल स्कूल जगमल चौक में श्रवण बाधित व मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए ड्राइंग एवं कविता वाचन की प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें ड्राइंग में प्रथम प्राची उपाध्याय, द्वितीय रैनि महतो, तृतीय अरग सक्सेना व श्रवण बाधित से प्रथम शबनम फातिमा, द्वितीय प्रदीप यादव व तृतीय अभिमन्यु रहे। कविता वाचन में बौद्धिक अक्षमता से कविता वाचन में प्रथम काव्या गुप्ता व द्वितीय आराध्या देवांगन रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रिंसिपल आरजे सिंह, हेडऑफ़द डिपार्टमेंट श्रीमती कांति दुबे एवं स्कूल स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष अरविन्द वर्मा एवं सचिव रोशनी दीक्षित उपस्थित थे।

## श्रमवीरों का सम्मान किया गया, वाहनों की हुई पूजा

# प्रतिमा स्थापित कर की गई देवशिल्पी की पूजा

### एसईसीएल में 75 श्रमवीरों का किया गया सम्मान



**बिलासपुर।** एसईसीएल में भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के पर 75 कोयला खनिक श्रमवीरों को बसंत विहार स्थित रवीन्द्र भवन में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शहरी एवं आवासन कार्य राज्य मंत्री तथा सांसद तोखन साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, अध्यक्षता एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने की। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी/ संचालन एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, निदेशक वित्त डी सुनील कुमार, संचालन समिति, कल्याण बोर्ड, सुरक्षा समिति, श्रमसंघ प्रतिनिधि, सिस्टा/ओबीसी/एससी-एसटी/एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य, विभागाध्यक्षगण, क्षेत्रों से आए कामगार साथी एवं महिलाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री तोखन साहू ने विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर एसईसीएल द्वारा शुरू किए गए विश्वकर्मा अवाड्र्स की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश को ऊर्जावान बनाए रखने में इन श्रमवीरों का अहम योगदान है। विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में खनिकों का श्रम और समर्पण अनुपम है, इसलिए वे सच्चे श्रमयोगी हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन ने कहा कि आज एसईसीएल के सच्चे विश्वकर्मों हमारे खनिक श्रमवीरों को सम्मानित कर पूरा एसईसीएल परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। आगमन पर सभी अतिथियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। इसके पश्चात एसईसीएल की खदानों में ऑपरेशन, मेंटेनेंस, सुपरवाइजरी आदि कार्यों में संलग्न 75 नियमित एवं संविदा कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### वाहनों की पूजा कर भोग वितरण

यातायात नगर परसदा स्थित भवानी ट्रांसपोर्ट के प्रांगण में रविवार को भगवान श्री विश्वकर्मा की भव्य और विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर परिवहन व्यवसाय से जुड़े सभी ट्रक मालिकों, चालकों और अन्य सदस्यों ने सामूहिक रूप से भाग लेकर धार्मिक वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। पूजा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर फूल-मालाओं और दीपों से सजावट की गई। इसके बाद सभी वाहनों की पूजा-अर्चना कर आरती की गई। व्यवसाय की उन्नति एवं सभी की सुरक्षा की मंगल कामना की गई। पूजन के उपरांत मिठाई और भोग का वितरण किया गया। जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सत्य नारायण सिंह, अजय पाल सिंह, सोनू कुमार सिंह, विजय पाल सिंह, चंदन सिंह, चंदन महाराज, अभिषेक रजक, संतोष यादव, दुर्गेश निर्मलकर, जीतू दास, भरत पटेल, प्रकाश, रामकुमार रजक, चमन, नील धुरु, किरण रावत सहित बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे। व्यवसायी सत्य नारायण सिंह ने इसे परंपरा और आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस आयोजन से आपसी एकजुटता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा मिलता है।



### हरिभूमि में विराजे देवशिल्पी, की गई पूजा



हरिभूमि सहित शहर के कल कारखानों में विश्वकर्मा जयंती पर देव शिल्पी विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई। हर साल की तरह इस साल भी शहर के अनेक स्थानों में विश्वकर्मा पूजा की धूम रही।

लोग प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा कर आराधना की। रिंग रोड नंबर 2 स्थित हरिभूमि कार्यालय में देव शिल्पी की प्रतिमा स्थापित की गई। यहां आचार्य अरूण ज्योतिषि ने पूजा संपन्न कराई। आरती कर अपने संस्थान की प्रगति की कामना की गई। इस मौके पर महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, प्रोडक्शन मैनेजर मनीष त्रिपाठी, रामेश्वर सोनी, कादिर, नवीन मिश्रा, असलम, राजेश सानन, रितेश शर्मा, कामेश्वर, सुरेश नैन, पूरनचंद्र माखुड़, मनोहर देवांगन, सुशांत, हितेश गुप्ता, अरूण सिंह, रेखा साहू, राजेश्वरी दुबे, निधि, सहित हरिभूमि परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### सिम्स में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



भगवान विश्वकर्मा की जयंती सिम्स मेडिकल कालेज और अस्पताल में मनाई गई। विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सिम्स के अधिष्ठाता डॉ रमेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ लखन सिंह,डॉ भूपेंद्र कश्यप, रेडियोजिस्ट और प्रोफेसर डॉ अर्चना सिंह द्वारा पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राएं व कर्मचारी ने भगवान विश्वकर्मा की मंगल आरती की गई और विशेष आर्शीवाद मांगा। सिम्स में भोग -भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारी में दिनेश निर्मलकर, जितेंद्र दुबे, फेकू चंद्राकर, संतोष चंद्रसेन, राजेंद्र वर्मा, संतोष यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### रेलवे में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का सफल शुभारंभ महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार ने रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, कल्याण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, जिससे परिवार एवं समाज को मजबूती मिले। इस अवसर पर केन्द्रीय चिकित्सालय दपूम रेल्वे के चिकित्सा निदेशक डॉ.सुरेश पल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर मंडल डॉ.शांति पूर्ति, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ.बीरबल प्रधान, उप मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ.वर्षा नवल व अन्य अधिकारी सहित 100 से अधिक महिला कर्मचारी एवं सफाई मित्र शामिल हुए। जीएम ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण किसी भी परिवार और समाज की प्रगति की आधारशिला है।

### संभाग स्तरीय युवा काव्य पाठ 29 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं राज्य युवा आयोग द्वारा 29 सितम्बर को संभाग स्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में सुबह 11 बजे से प्रतियोगिता शुरू होगी। संभागायुक्त सुनील जैन ने संभाग के सभी कलेक्टरों से प्रतियोगिता में अधिकाधिक युवाओं की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने को कहा है। संभाग स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेता राज्य स्तर पर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 4 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में आयोजित की गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए एक्का ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

## कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मनाया अभियंता दिवस



**बिलासपुर।** कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स एसोसिएशन सीसीईए ने अभियंता रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जन्म जयंती 15 सितंबर को अभियंता दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन होटल कोर्टयार्ड मैरियट में किया गया। कमल सलूजा ने विश्वेश्वरैया के जीवन और उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के चीफ इंजीनियर राजकुमार मिश्रा ने कहा कि वह नगर निगम प्रशासन से अपील करेंगे कि शहर को साफ, सुंदर एवं व्यवस्थित विकास के लिए संस्था सीसीईए का भी सहयोग ले। विशिष्ट अतिथि रविंद्र केशरवानी ने भी हमारे दैनिक जीवन में इंजीनियरिंग के प्रभाव के हर पहलू पर अपनी बात रखी। संस्था के पारिवारिक सदस्यों महिलाओं ने कल्चरल प्रोग्राम का खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक एचपीएस चौहान, संरक्षक दीपक अग्रवाल, अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, उपाध्यक्ष गिरीश पाठक, महामंत्री आलोक त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष हेतराम श्रीवास, सचिव शुभम शर्मा, आरके सोनी, प्रवीण कुमार नायडू, वीएस शास्त्री, सुनील सिंहा, सुजीत गुप्ता आदि इंजीनियर एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने अभियंताओं का सम्मान किया। अल्ट्राटेक सीमेंट के रीजनल हेड रमन शर्मा, सेल्स हेड आशीष चंद्राकर, प्रवीण कुमार एवं सर्विस मैनेजर रोशन मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कंसलटिंग सिविल इंजीनियर एसोसिएशन सीसीईए के महामंत्री इंजीनियर आलोक त्रिवेदी ने किया।

### नए लोगों ने की एनसीपी की सदस्यता ग्रहण

**बिलासपुर।** बड़ी संख्या में नए लोगों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल सदस्यता अभियान नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ में पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने वाला एक जनांदोलन है। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला स्तर के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेतृत्व ने भी विचार रखे। पार्टी को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की। नए सदस्यों के आगमन से संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। आने वाले राजनीतिक चुनौतियों एवं चुनावी संघर्षों के लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है। कार्यक्रम का समापन छत्तीसगढ़ की जनता के विकास और समृद्धि के लिए समर्पित संकल्प के साथ किया गया।




पॉलिटिक्स प्लस

### बीपीएस में प्रबंधन कौशल पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** मंगलवार को ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बहतराई के विद्यालय परिसर में प्रभावी कक्षा प्रबंधन कौशल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा की गतिशीलता को समझते हुए प्रभावी कक्षा प्रबंधन के लिए आवश्यक रणनीतियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सोनाली भट्टाचार्य अंग्रेजी भाषा संचार और कौशल परामर्श प्रशिक्षक उपस्थित रहीं। उन्होंने सत्र को अत्यंत जानकारी पूर्ण और संवादात्मक बनाया। उन्होंने शिक्षकों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और विभिन्न रणनीतियां समझाई, जिनसे कक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़े और विद्यार्थी केन्द्रित शिक्षण वातावरण तैयार किया जा सके। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने प्रशिक्षक भट्टाचार्य का स्वागत कर शिक्षकों को कार्यशाला का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। इसके साथ ही विद्यालय के निदेशक प्राचार्या डॉ.श्रीमती श्रुति गुप्ता ने सभी शिक्षकों को अपने पठन-पाठन में इन तकनीकों व गतिविधियों को शामिल करने की बात कही। सत्र का समापन एक रोचक और जानकारी पूर्ण गतिविधि के साथ हुआ, जिससे शिक्षकों का उत्साह और प्रेरणा स्तर बढ़ा। कार्यशाला में विद्यालय की उप-प्राचार्या श्रीमती रोज़मेरी लक्ष्मन, समन्वयक तथा शिक्षण संकाय के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए। उनके सहयोग और सहभागिता से यह कार्यशाला सफल रही।



एजुकेशन प्लस

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजयुमो ने जगह-जगह किया रक्तदान

### जिला अस्पताल में 100 यूनिट रक्तदान

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल किया। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 100 यूनिट रक्तदान किया। जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व आमजनों ने अवलोकन किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री व सांसद तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर योजना का लाभ गरीबों तक पहुंचाने का काम किया है, विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि परिश्रम की पराकाष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए असाधारण नेतृत्व से देश में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार किया है, आज विश्व समुदाय भी मार्गदर्शन में विश्वास प्रकट कर रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, महापौर पूजा विधानी, जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि, सभापति विनोद सोनी, संतोश कौशिक, अजीत सिंह भोगल, सोमेश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में जुटे युवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान चलाया। भाजपा ग्रामीण जिला के तत्वाधान में मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोनी में युवा मोर्चा के सदस्यों ने 75 यूनिट रक्तदान किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थानों की साफ़ सफाई की और फलदार पौधे लगाए। भाजपा के बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि अरसे बाद हमारे देश को मोदी के रूप में एक सशक्त नेतृत्व मिला है। यह प्रधानमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति की परिणीति रही है। जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने कहा राष्ट्रीय और प्रदेश संगठन द्वारा मोदी जी के जन्मदिवस को मनाने विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम तैयार किए गए हैं जिनकी आज से विधिवत शुरुवात की गई है अभी पूरे पखवाड़े भर यह जन्म महोत्सव के कार्यक्रम चलाए जाएंगे जिला मंत्री निखिल केशवानी ने बताया कि आज युवामोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा रक्तदान के तय लक्ष्य को पूरा कर 75 यूनिट रक्तदान किए गए जिसमें बेल तरा मस्तूरी और कोटा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला छत्तीसगढ़ पाठयपुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पांडे जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल महामंत्री यश मनहर जनक देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## बिजनेस साइट

### थीमैटिक निवेश केवल सही खरीदारी करने के बारे में नहीं है - यह समझदारी से बाहर निकलने में भी समक्ष

**बिलासपुर।** सफलता केवल यह जानने में नहीं है कि कब कदम रखना है, बल्कि यह जानने में है कि कब बाहर निकलना है। उदाहरण के लिए, अपने पसंदीदा टीवी शो को ही लें, सही समय पर समाप्त होने से आप और अधिक देखना चाहते हैं, लेकिन बहुत लंबा खींचने से यह दोहराव बन जाता है और उसके प्रति वफादारी को भी चोट लगती है। इसी तरह, एक एथलीट जो अपने बेस्ट फॉर्म में रिटायर होता है, वह विरासत और स्वास्थ्य को बनाए रखता है, जबकि देरी करने से चोट लगने और प्रदर्शन में गिरावट का जोखिम रहता है। इसी तरह, निवेश की दुनिया में, सही समय और कीमत पर निवेश करना महत्वपूर्ण है, लेकिन किसी शेयर या सेक्टर में बहुत लंबे समय तक निवेशित रहने से आप बाजार में गिरावट, कीमतों में गिरावट या बुलबुले के फूटने का जोखिम उठा सकते हैं। दूसरी ओर, बहुत जल्दी निवेश से बाहर निकलने से संभावित लाभ से चूक सकते हैं। इसलिए, निवेश करते समय, "बाहर निकलने की रणनीति" उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी "खरीदारी की रणनीति"।

एक प्रभावशाली दुनिया में जहां बाजार साइकिल और सेक्टर रोटेशन सामान्य हैं, निवेशकों को अक्सर अपने निवेश का समय तय करना मुश्किल लगता है। एक शानदार प्रवेश आपको विकास के लिए तैयार कर सकता है, लेकिन केवल एक अनुशासित निकास ही आपको उस विकास को प्राप्त करने, अपनी कैपिटल की रक्षा करने और उसे नए अवसरों में पुनः निवेश करने की अनुमति देता है। समय, जानकारी और बाजार विशेषज्ञता जैसे संसाधनों की कमी, और लालच व भय जैसे मानवीय पूर्वाग्रह इस प्रक्रिया को अक्षम बना सकते हैं।



**चमरू राम देवांगन**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, बिलासपुर

यहीं पर थीमैटिक निवेश एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह डिजिटलीकरण, स्वच्छ ऊर्जा, या स्वास्थ्य सेवा जैसे लॉन्गटर्म रुझानों में धन लगाता है, पोर्टफोलियो को स्थायी बदलावों के साथ तालमेल करता है और अल्पकालिक अनिश्चितताओं को कम करता है। हालांकि, इसके लिए माइक्रोइकोनॉमिक्स, सेक्टोरल डायनेमिक्स और उभरते रुझानों का गहन ज्ञान आवश्यक है, जिससे अवसरों की पहचान करने और जोखिमों के प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल मैनेजमेंट महत्वपूर्ण हो जाता है।

इसलिए निवेशक थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स या फंड्स ऑफ फंड्स का विकल्प चुन सकते हैं। ये प्रोफेशनल रूप से प्रबंधित फंड्स उच्च-संभावित सेक्टर्स और थीम्स की पहचान करने और उनमें निवेश करने के लिए एक रिसर्च से समर्थित, अनुशासित दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं, जिससे रिटर्न बढ़ता है और साथ ही समय पर पिछड़ रहे सेक्टर्स से बाहर निकलकर जोखिम कम होता है।

ऐसे अवसरों में विविधतापूर्ण निवेश चाहने वालों के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) एक विकल्प है जिस पर विचार किया जा सकता है। यह एफओएफ रणनीतिक रूप से सेक्टर-फोक्सड और थीमैटिक फंड्स के मिश्रण में फंडस एलोकेट करता है। 31 अगस्त, 2025 तक, इसने 3-वर्षीय सीएजीआर 19.14 प्रतिशत, 5-वर्षीय सीएजीआर 24.34 प्रतिशत, और स्थापना के बाद से 15.35 प्रतिशत सीएजीआर के साथ मजबूत प्रदर्शन किया है।

तापमान
अधिकतम 29.6 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025



सिविल लाइन पुलिस ने पश्चिम बंगाल के दो नागरिकों को पकड़ा, एक माह पहले शहर आकर इन्होंने मुसाफिरी नहीं दर्ज कराई थी



## खबर संक्षेप

### आईजी का वार्षिक निरीक्षण आज

**बिलासपुर।** गुरूवार व शुक्रवार को दो दिवसीय आईजी डा. संजीव शुक्ला के द्वारा जिले के एसपी आफिस, पुलिस लाइन, शहर व ग्रामीण क्षेत्र के एक एक थाने का वार्षिक निरीक्षण किया जाएगा। उनके निरीक्षण को देखते हुए गुरूवार को सुबह से देर रात तक थानों में साफ सफाई व थानेदार रिकार्ड सुधारने में पसीना बहाते नजर आ रहे थे।



### कल्याण भवन में शिविर का आयोजन आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के तिफरा स्थित कल्याण भवन में 18 सितम्बर की दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक एक दिवसीय शिविर का आयोजन एवं रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी किया जाएगा। कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्ट ने बिलासपुर क्षेत्र के सभी सोलर पॉवर प्लांट वेंडरर्स एवं पॉवर कंपनी के अधिकारी व कर्मचारियों को इस शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने तथा आम विद्युत उपभोक्ताओं को शिविर में उपस्थित होकर सोलर प्लांट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने एवं स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है।

### श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा 18 सितम्बर को औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी में श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर औद्योगिक क्षेत्र के जय दुर्गा ऑयल प्राईवेट लिमिटेड से-बी इंडस्ट्रीयल एरिया में सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक चलेगी। शिविर में मुख्य रूप से औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न कारखानों में कार्यरत लगभग 500 श्रमिकों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अलावा कर्मचारी राज्य बीमा निगम एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक शिविर में सेवाएं देंगे।

### नागरिक सहकारी बैंक की आमसभा 21 को

**बिलासपुर।** नागरिक सहकारी बैंक बृहस्पति बाजार की आमसभा 21 सितंबर रविवार को सुबह 10 बजे बैंक सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में पिछली आमसभा में की गई कार्यवाही की पुष्टि के अलावा पारित अंकेक्षण टीप व वित्तीय पत्रक वर्ष 2024-25 अंकेक्षित को स्वीकृति प्रदान करने हेतु विचार किया जाएगा। इसी तरह वार्षिक लेखा बजट वर्ष 2024-25 के अनुमोदन, संचालक मंडल द्वारा वर्ष 2025-26 के स्वीकृत बजट को अनुमोदित करने पर विचार किया जाएगा, इसके अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।यह जानकारी बैंक के प्रबंध संचालक दुर्जती कि मुखर्जी ने दी।

### खेल अलंकरण, अनुशंसा 25 तक आमंत्रित

**बिलासपुर।** राज्य खेल अलंकरण के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 25 सितम्बर तक अनुशंसा आमंत्रित की गई है। अलंकरण के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान एवं गुण्डाधूर सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान प्रतिवर्ष एक खिलाड़ी को दिया जाता है। इसके अंतर्गत चयनित खिलाड़ी को एक लाख नगद, अलंकरण फलक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार गुण्डाधूर सम्मान के अंतर्गत एक खिलाड़ी या एक दल को प्रदान किया जाएगा।

# बैरक से शुरु हुआ था यूनिवर्सिटी का सफर, अब 135 करोड़ की लागत से बन रही चार मंजिला एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी की शुरुआत कोनी में अंग्रेजों के समय बनी बैरकों से हुई थी। पहले पुरानी बैरकों में ही यूनिवर्सिटी के कार्यालय लगते थे, लेकिन अब सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद यहां नई बिल्डिंगें बनती जा रही हैं। इसी कड़ी में 135 करोड़ रुपए की लागत से चार मंजिला नई एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है, जहां पर एक ही भवन में यूनिवर्सिटी के सारे प्रशासनिक दफ्तर लगेंगे।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस में चारों तरफ कंस्ट्रक्शन चल रहा है। कहीं पुरानी भवनों को तोड़कर उसे नया रूप दिया जा रहा है तो कहीं नए भवन का निर्माण चल रहा है। कुछ नए भवन बनकर तैयार भी हो गए हैं और उन भवनों में टीचिंग डिपार्टमेंट शिफ्ट भी हो गए हैं। अधोसंरचना विकसित करने की दिशा में सेंट्रल यूनिवर्सिटी में काम चल रहा है और इसी कड़ी में यूनिवर्सिटी में ग्राउंड फ्लोर प्लस के साथ चार मंजिला एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग बन रही है। इस चार मंजिला बिल्डिंग की लागत 135 करोड़ 7 लाख राशि है और फरवरी माह से इसका निर्माण भी शुरू हो चुका है। नया एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग निर्माण की समय सीमा 24 माह रखी गई है, इसलिए यह दो साल के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। नया एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग पुराने यूटीडी के सामने तालाब के बगल से खाली जगह पर बनाया जा रहा है। नए एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग के बन जाने से सेंट्रल यूनिवर्सिटी के सारे प्रशासनिक कार्यालय एक ही जगह पर इसी भवन में लगेंगे।



- सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नए एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग का चल रहा निर्माण
- कैंपस में फैले सारे प्रशासनिक दफ्तर एक ही भवन में लगेंगे

### पुराने प्रशासनिक भवन में जगह की कमी

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में वर्तमान में पुराने प्रशासनिक भवन में प्रशासनिक कार्यालय संचालित हो रहे हैं। यह स्टेट यूनिवर्सिटी के समय का प्रशासनिक भवन है, जिसमें प्रशासनिक भवन में कुलपति व रजिस्ट्रार दफ्तर सहित डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, फायनेंस अफसर के आफिस सहित वित्त, परीक्षा, गोपनीय, स्टोर शाखा आदि के कार्यालय लगते हैं। इसलिए इस पुराने भवन में जगह की कमी बताई जा रही है।

### हायर एजुकेशन फायनेंशिंग एजेंसी से मिला फंड

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नए एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग के लिए भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के हायर एजुकेशन फायनेंशिंग एजेंसी, हेफा से 1,35,07,06,000 राशि उपलब्ध कराया गया है। हेफा का उद्देश्य उच्च शिक्षा और अनुसंधान के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। भारत के शीर्ष शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण को वित्तपोषित करता है। इसकी कार्यप्रणाली यह एक ऋण मॉडल के माध्यम से काम करता है।

### निर्माण कराया जा रहा

सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद पुराने प्रशासनिक भवन में प्रशासनिक कार्यालयों के लिए जगह की कमी पड़ रही थी और नए प्रशासनिक भवन की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसलिए यूनिवर्सिटी में नई एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका काम चालू हो गया है।

- **प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू

## वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत



महंत, बैज, टीएस सहित कांग्रेस नेता हुए शामिल




### इन्होंने भी सभा को किया संबोधित

- बेलतरा की सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा को छत्तीसगढ़वासियों की चिंता ही नहीं है। बिजली बिल को देखिए 500 रुपए की जगह दो हजार रुपए का बिल आ रहा है। किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा पर इन सबसे भाजपा को जरा भी चिंता नहीं है। वोट चोरी कर सत्ता में बैठने की जुगत भिड़ा रही है। इस बार भाजपा के मनसूबे पूरे होने वाला नहीं है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग व भाजपा के गठबंधन को बेनकाब किया है।
- नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि वोटों की चोरी कर जो राज कर रहा है उसका नाम नरेन्द्र मोदी है। राहुल गांधी ने वोट चोरी का पर्दाफाश किया है। बिहार में 65 लाख मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया है।
- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने वोट चोरी को धंधा बना लिया है। इसलिए वे लगातार सत्ता में आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का एक-एक सिपाही वोट चोरी के खिलाफ लड़ेगा।
- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने कहा कि बेलतरा विधानसभा की मतदाता सूची की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि लगभग हर भाग संख्या में बड़ी संख्या में मतदाताओं के पते अधूरे एवं संदिग्ध पाए गए हैं। कई प्रविष्टियों में मकान संख्या अंकित ही नहीं है, जिससे मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता संदिग्ध हो जाती है।

# पायलट ने साधा निर्वाचन आयोग व भाजपा पर निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बुधवार को बेलतरा विधानसभा अंतर्गत बेलतरा में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री पायलट ने निर्वाचन आयोग समेत भाजपा पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि मूलभूत सुविधा, रोजगार, मंहगाई, विकास, पानी, बिजली, किसानों की कोई बात नहीं हो रही है और वोट चोरी करके चुनाव परिणाम बदले जा रहे हैं।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बेलतरा की सभा में कहा कि आज पूरे देश में संकट पैदा हो गया है, क्योंकि सबसे बड़े अधिकार वोट छीनने की कोशिश की जा रही है। इसे रोकने के लिए कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया है, जिसमें करोड़ों लोगों के हस्ताक्षर कराकर निर्वाचन आयोग को देंगे और ऐसी हालात पैदा करेंगे ताकि वोट चोरी करने की हिम्मत कोई न करे। इस लोकतंत्र में अगर वोट चोरी हो गया तो कोई संविधान में अधिकारी और विकास की बात नहीं कर सकता। इसलिए इस अभियान को लेकर पूरी कांग्रेस पार्टी सड़कों पर आ रही है। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े और इस संघर्ष को मजबूती से आगे बढ़ाए। इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के अलावा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री शिव डहरिया व जय सिंह अग्रवाल, अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम सहित कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या कार्यकर्ता, आम नागरिक उपस्थित रहे।



### जिला अध्यक्ष ने पायलट को दिया आंकड़ा

कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में वोट चोरी का दस्तावेजी प्रमाण सौंपा। सचिन ने भाषण के दौरान विजय द्वारा सौंपे वोट चोरी के दस्तावेज का जिक्र करते हुए बेलतरा में किए गए वोट चोरी का खुलासा किया। श्री केशरवानी ने बताया कि मकान संख्या शून्य वाले कुल 31 मतदाता हैं तथा जिन मतदाताओं की मकान संख्या अंकित ही नहीं है ऐसे 350 मतदाता है। 51 ऐसे मतदाताओं के नाम सामने आए है जो 100 साल से अधिक मतदाता हैं।

### पार्टी को मजबूत करना हम सबका उद्देश्य

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट का कहना है कि राहुल गांधी ने प्रमाण, तथ्यों के साथ वोट चोरी का जो मामला उठाया है उसे कोई झुठला नहीं पा रहा है। निर्वाचन आयोग भी निरूत्तर हो गया है, अभी तक आयोग ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। बेलतरा विधानसभा की सभा के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट से पत्रकारों ने चर्चा के दौरान बिलासपुर के कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं द्वारा मंच से एक-दूसरे पर निशाना साधने का प्रश्न किया तो सचिन का कहना था कि कांग्रेस के नेताओं ने एक दूसरे पर निशाना नहीं साधा है, हम सबका एक ही उद्देश्य है कि पार्टी को मजबूत करना। उन्होंने बताया कि वोट चोरी के मामले में अभी तक कोई जांच नहीं बिठाई गई है। हमारा इतना कहना है कि देश की मतदाता सूची को हमको दें, ताकि हम जांच कर सकें। हजारों वोटों को हेरफेर कर परिणाम बदलने की कोशिश की जाती है, उसके खिलाफ पूरा देश है और लोकतंत्र के मूल भावना बिरूद्ध है। निर्वाचन आयोग निष्पक्ष होकर काम करें। इसलिए हम हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं और आने वाले समय में इसे और गति देंगे। श्री पायलट ने बताया कि चुनाव कराने का जिम्मा निर्वाचन आयोग के ऊपर है और नैतिकता एवं संविधान की रक्षा करना उसका परम कर्त्तव्य है, नहीं करेंगे तो हम सड़कों पर आएंगे। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी बहुत जल्द वोट चोरी को लेकर और खुलासा करने वाले हैं। पार्टी मेहनत करके तथ्य और आंकड़े जुटाते जा रही है।



# अवैध मुरूम का परिवहन करते दो हाइवा जब्त

**बिलासपुर।** टेकर ग्राम पंचायत के आसपास मुरूम का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर खनिज विभाग द्वारा दो हाइवा वाहनों को जब्त किया गया है। खनिज विभाग द्वारा की गई उक्त कार्रवाई करीब दो महीने बाद की गई है। विभाग का कहना है कि अभी सभी रेत घाट बंद होने के कारण खनिजों की अवैध गतिविधियां बंद हैं, जिससे कार्रवाई पर भी विराम है। विभाग द्वारा 15 अक्टूबर के बाद खनिज से संबंधित कार्रवाई तेज होने की बात कही गई है।

खनिज के अवैध मामलों की औचक जांच करने के उद्देश्य से खनिज विभाग द्वारा बुधवार को मंगला, सरकंडा, मोपका, बैमा, सेलर, पौसरा, पिपरा, खैरा, टेकर एवं सीपत क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत टेकर के आसपास बिना वैध अभिवहन पास के मुरुम लोड दो हाइवा वाहनो को परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। दोनों ही वाहनों को पुलिस थाना सीपत की अभिरक्षा मे रखा गया है।

- दो महीने बाद हुई खनिज विभाग की कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में नदियों में पानी आने के कारण 15 जून से रेत घाट बंद कर दिए गए हैं, जो कि 15 अक्टूबर के बाद ही प्रारंभ हो सकेंगे। इस बीच रेत का परिवहन संग्रहण केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। बीते दिनों खनिज, पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अवैध संग्रहण केंद्रों में छापामार कार्रवाई कर रेत एवं वाहन जब्त किए गए थे, लेकिन फिलहाल बीते दो महीनों से इस तरह की कार्रवाई पर पूरी तरह विराम लगा हुआ है। इस संबंध में खनिज विभाग का कहना है कि आमतौर पर खनिज के अवैध कारोबार रेत से संबंधित ही किए जाते हैं। वर्तमान में रेत घाट बंद हैं, जिससे अवैध गतिविधयां भी बंद हैं। 15 अक्टूबर के बाद रेत घाट प्रारंभ होते ही रेत माफियाओं की अवैध गतिविधियां भी प्रारंभ हो जाएंगी, जिससे विभाग द्वारा की जाने वाली कार्रवाई नजर आने लगेगी।

### की गई कार्रवाई

मुरूम का अवैध परिवहन करने के मामले में दो हाइवा वाहन जब्त किए गए हैं। अभी खनिज के अवैध मामले फिलहाल नियंत्रण में हैं। 15 अक्टूबर के बाद इनमें बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है, जिससे विभाग की कार्रवाई भी बढ़ेगी।

**- किशोर कुमार गोलघाटे**
उपसंचालक खनिज

## पूर्व सांसद स्व. श्रीकांत वर्मा व स्व. वीणा वर्मा के पुत्र हैं अभिषेक

# शिवसेना नेता के रूप में शहर आ रहे अभिषेक 20 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- शिवसेना ने मांगी स्वागत के लिए बैनर पोस्टर लगाने की अनुमति

कांग्रेस के पूर्व सांसद स्व. श्रीकांत वर्मा एवं स्व.वीणा वर्मा के पुत्र अभिषेक वर्मा शिवसेना के नेता के रूप में 20 सितंबर को बिलासपुर आ रहे हैं। वे यहां अपने पिता स्व. श्रीकांत वर्मा के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। शिवसेना ने शहर में उनके आगमन के स्वागत में बैनर, पोस्टर लगाने की नगर निगम से अनुमति मांगी है। स्व. श्रीकांत वर्मा प्रख्यात साहित्यकार रहे हैं और कांग्रेस में जाने के बाद वे सांसद बने। उनके निधन के बाद उनकी धर्म पत्नी श्रीमती वीणा वर्मा भी कांग्रेस से राज्यसभा सांसद रहीं। बिलासपुर में अनेक विकास कार्य श्रीमती वर्मा की सांसद निधि से हुए। इस दौरान उनके पुत्र अभिषेक वर्मा बिलासपुर कभी कभी आते रहे हैं। बिलासपुर में रघुराज सिंह स्टेडियम में आयोजित स्टार नाइट के बाद से माना जा रहा था कि वे अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। इसी समय जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में भी उनकी सक्रियता चर्चा में रही। इसके बाद से वे दिल्ली,मुंबई में ज्यादा सक्रिय रहे। इस दौरान अनेक विवादों से भी उनका नाम जुड़ता रहा। बदले राजनीतिक परिदृश्य में अब वे शिवसेना के साथ हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना टूटकर अलग हुई तब से अभिषेक वर्मा शिवसेना शिंदे गुट के साथ हैं। वर्तमान में शिवसेना, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए का घटक दल है। 18 सितंबर को स्व. श्रीकांत वर्मा की पुण्यतिथि है। इस अवसर पर शिवसेना के मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक एनडीए गठबंधन एवं चुनाव के रूप में अभिषेक वर्मा अपने परिवार सहित 20 सितंबर को बिलासपुर पहुंच रहे हैं। वे 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ भवन परिसर स्थित स्व. श्रीकांत वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अभिषेक वर्मा पहली बार शिवसेना के राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में शहर आ रहे हैं, इसलिए शहर के शिवसैनिक उनके स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। शिवसेना की ओर शहर में जगह-जगह बैनर, पोस्टर और स्वागत बोर्ड लगाने निर्णय लिया गया है। इसके लिए नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर शिवसेना द्वारा अनुमति भी मांगी गई है।

### कांग्रेस नेता असमंजस में

अभिषेक वर्मा के माता-पिता स्व. श्रीकांत वर्मा व वीणा वर्मा कांग्रेस से सांसद रहे हैं और जीवनभर उनका कांग्रेस से नाता रहा। यहां पूर्व मंत्री स्व. बीआर यादव एवं बिलासपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष स्व. रामबाबू सोनथलिया से उनका निकट का नाता रहा, लेकिन अभिषेक अब शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक हैं। ऐसे श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट द्वारा आयोजित पुण्य तिथि कार्यक्रम को लेकर शहर के कांग्रेस नेता, पदाधिकारी असमंजस में हैं कि वे इस कार्यक्रम में शामिल हो अथवा नहीं। हालांकि अभी तक कांग्रेस नेताओं के पास स्व. श्रीकांत वर्मा की पुण्य तिथि कार्यक्रम के संबंध में कोई सूचना नहीं आई है।

### आयोजन की कोई खबर नहीं : पांडेय

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय का कहना है कि स्व. श्रीकांत वर्मा और स्व. श्रीमती वीणा वर्मा कांग्रेस से सांसद रहे हैं और कांग्रेस स्व. श्रीकांत वर्मा की जयंती एवं पुण्यतिथि हमेशा से मनाते आ रही है। अगर किसी दूसरे राजनीति दल का कार्यक्रम होगा तो उसमें शामिल नहीं होंगे। जहां तक श्रीकांत ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम की बात है तो इसके संबंध में अभी तक सूचना नहीं मिली है।

# स्कूल के पूर्व प्राचार्य ने किया 9 लाख का गबन

**बिलासपुर।** लोहर्सी सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व प्राचार्य ने संस्था के 9 लाख रुपए का गबन कर दिया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

पचपेड़ी थाना प्रभारी श्रवण टण्डन ने बताया, लोहर्सी सरस्वती शिशु मंदिर में लोहर्सी निवासी उमेश दुबे प्राचार्य थे। वर्ष 2023 में उन्होंने स्कूल की नौकरी छोड़ दी। उसके बाद संस्था के द्वारा स्कूल आय व्यय का जांच की गई। जिसमें बच्चों के फीस की राशि 9 लाख रुपए का हिसाब किताब नहीं मिला। संस्था के द्वारा पूर्व प्राचार्य से पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उसके बाद पूर्व प्राचार्य श्री दुबे गांव छोड़कर चले गए। संस्था के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए आरोप लगाया है पूर्व प्राचार्य के द्वारा संस्था की 9 लाख रुपए गबन कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पूर्व प्राचार्य उमेश दुबे के खिलाफ धारा 408 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम साव का आज लोरमी आगमन



**लोरमी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव का गुरुवार की दोपहर नगर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे विभिन्न समारोहों में शिरकत करने करेंगे। श्री साव दोपहर 1.45 से 2.15 बजे तक गुरुद्वारा भवन लोरमी में आयोजित मेडिकल एसोसिएशन के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उसके पश्चात वे 3.15 बजे से 4.30 बजे तक गोंडवाना भवन डोंगरीगढ़ में राजा रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी मिंटू छाबड़ा ने दी है।

### आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक बने रवि



**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी के आत्मनिर्भर अभियान के तहत अधिवक्ता रवि शर्मा को जिले का संयोजक नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि, 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का मोदी जी का सपना है। 2013 में भारत का स्थान विश्व अर्थव्यवस्था में 11वें स्थान पर था, जो आज चौथे स्थान पर है। 2029 तक भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगी, इसके लिए भारत को बहुत तेजी के साथ प्रत्येक क्षेत्र में राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा।

### 30 छात्राओं को निःशुल्क सायकल का वितरण



**मस्तूरी।** शासकीय हाईस्कूल परसदावेद में सरस्वती सायकल योजना के तहत 30 छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य सीमा चंदेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि पुत्तन दुबे, सरपंच संतोष डोंगरे, ठाकुर अजय सिंह, सिंधु सिंह, नरसिंग पटेल, भरतलाल कैवर्त, क्लेश यादव, निशा कुमार, श्रीमती भट्टाचार्य, उमा शुक्ला, सुरेश कुमार, आशीष बसंती सहित अन्य गणमान्य नागरिक व स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

## निधन

### ज्योत्सना बेन जैन



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी ज्योत्सना बेन जैन का 17 सितंबर को सुबह 4 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे विनोद भाई जैन की पत्नी एवं डॉक्टर जुगनू जैन, रवि जैन, अमित जैन,जू.ली जैन की माता थीं।

### दिनेश ताम्रकार



**मुंगेली।** महामाई वार्ड निवासी फेडरेशन विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी दिनेश ताम्रकार का 72 वर्ष की आयु में 17 सितम्बर को सुबह 7 बजे गीतांजलि नगर रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया। वे देवेंद्र ताम्रकार के पिता व डॉ. शिव तमेर, प्राचार्य दिलीप ताम्रकार, सूदन, बीनू के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गीतांजलि नगर मारवाड़ी मुक्तिधाम रायपुर में किया गया। इस अवसर पर सामाजिकजन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वच्छ वातावरण स्वस्थ्य जीवन का आधार: धर्मजीत

# स्वच्छता को जीवनशैली में शामिल करें: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर संचालित सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सकरी में बुधवार को विशेष स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हांफा रोड स्थित सकरी श्मशान घाट में साफ सफाई की गई और एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत 16 पौधे रोपित किए गए।

■ सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सकरी में स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि अगर हम स्वच्छता को सिर्फ एक अभियान न मानकर अपनी आदत बना ले तो भारत दुनिया का सबसे स्वच्छ देश बन सकता है यह सिर्फ सरकार या सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से न केवल जागरूकता बढ़ती है बल्कि समाज में सक्रिय भागीदारी का वातावरण भी बनता है उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवकों, स्थानीय स्वयंसेवी संगठन एवं नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ्य जीवन का आधार है हमने प्रकृति से सिर्फ पाया है दिया कुछ नहीं है हमे प्रकृति के प्रति समर्पण का भाव रखते हुए न सिर्फ वृक्षारोपण कर बल्कि उसके संरक्षण और संवर्धन का भी बीड़ा उठाते हुए उसे वृक्ष के रूप में विकसित करना है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष एक पौधा भी रोपित करता है तो निश्चित तौर से प्रकृति का संतुलन बना रहेगा।



पौधरोपण करते मंत्री एवं विधायक।

स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण आयोजन में नगर निगम बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, निगम आयुक्त अमित कुमार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, तखतपुर जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण चौहान, जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, भाजपा नेता अनिल पप्पू शर्मा, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, एमआईसी मेंबर कुसुम महाबली कोसले, महामंत्री द्वय तुलसी कौशिक,अमर गुप्ता ने भी संबोधित किया। स्वच्छता अभियान पश्चात सामाजिक समरसता की दृष्टि से केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं विधायक धर्मजीत सिंह सहित सभी जनप्रतिनिधी ने उसलापुर में भाजपा पार्षद किरण टंडन के घर स्वल्पाहार के लिए गए जहां उनके परिवारजनों एवं मोहल्लेवासियों से नेताओं ने मिलकर कुशल क्षेम पूछा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा, मुन्ना तिवारी, सौरभ पाण्डेय, बीआर महोबिया, छत्रदेव कोसले, जनक राम प्रजापति, सोनसाय साहू, रामाधार प्रजापति, रामचरण वस्त्रकार, छेदी रात्रे पूर्व सरपंच, राजकमल साहू, मनोज साहू, रामचंद्र यादव, राजेश देवांगन, प्रकाश पाल, जितेन्द्र सूर्यवंशी, प्रशांत गुप्ता, सतीश सोनकर, मुकेश साहू, संजय यादव, सुरेश रात्रे, मंगल साहू, तिलक सेन, जितेन्द्र साहू, राजेश टंडन, मधु साहू, गौरी साहू, गीता सिंह, गब्बर टंडन, अजीत टंडन, जोन कमिश्नर रंजना अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सेवाभावी संस्था के सदस्य, स्वच्छता दीदी और निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।



## राजमिस्त्री संघ ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

**तखतपुर।** राजमिस्त्री संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन किया गया। पंडित शत्रुहन पांडेय ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई, वहीं यजमान शकुन विनोद सिंह ठाकुर रहीं।

दोपहर बाद भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए मनियारी नदी एनीकेट तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के राजमिस्त्री, ठेकेदार एवं सहयोगी शामिल हुए। इस अवसर पर ओंकार सिंह ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर, सुरेश ठाकुर, विनोद सिंह ठाकुर, गंगा सिंह ठाकुर, गंगा सिंह सरिया, बल्लूराम साहू, विजय ठाकुर, अजय ठाकुर, थानू राम साहू, लखनू धुरी, लल्लू सिंह ठाकुर, मेला सिंह ठाकुर, मुन्ना सिंह, सुरेश देवांगन, उत्तम ठाकुर, संजय कुंभकार, रामकुमार कश्यप, प्रभुदयाल कश्यप, परदेसी साहू, जीवन ठाकुर, जनता केवट, नरेंद्र रात्रे, लक्ष्मी नारायण दिलीप तोलानी तथा अल्ट्रा टेक कंपनी से रोशन मिश्रा, आनंद दुबे, जे.के. लक्ष्मी से दीपक कोशले एवं स्वाति पांडेय राहुल सिंह उपस्थित रहे।



## विद्युत सब स्टेशन में मनी विश्वकर्मा जयंती

**मल्हार।** विद्युत सब स्टेशन में बुधवार को जगत के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कर्मचारियों ने एक दूसरे के सहयोग से तीन दिन के लिए भगवान की प्रतिमा का विधिपूर्वक स्थापना किया है। बिजली विभाग इन ऊर्जावान कर्मचारियों का मानना है कि भगवान विश्वकर्मा उनकी अदृश्य रूप से सहायता करते है, इसलिए उनके प्रकटोत्सव को उत्साह व धूमधाम से मनाते है। इस अवसर पर प्रभारी जेई गंगासागर ध्रुव, लाइनमैन पिंटू सोनी, सोनू सिंह, सुरेश टण्डन, सन्तोष निर्मलकर, उमेश लहरे, सुरेश साहू, सलीम डहरिया, जितेंद्र कुर्रे सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे। इसी तरह नगर के विभिन्न स्थानों में मिस्त्री, बढ़ाई, मोटर मेकेनिक के अलावा मजदूर वर्ग के लोगो ने भी श्रद्धापूर्व जयंती मनाई।

## स्थापित की गई भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा



**लोरमी।** ग्राम गांधीडीह में बुधवार को देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की स्थापना की गई। इस अवसर पर भक्तों ने बड़े ही धूमधाम व विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रात्रि के समय चौपाल भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन किया गया।

## सत्ता खोने की पीड़ा से नहीं उबर पा रहे पायलट: सुशांत



**बिलासपुर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी विधानसभा सचिन पायलट द्वारा मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने उनके बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता अपनी मानसिक स्थिति खो चुके हैं। पायलट जी राजस्थान में सत्ता खो देने की पीड़ा से उबर नहीं पा रहे हैं और यही वजह है कि वे छत्तीसगढ़ में भी लैंड नहीं कर पा रहे हैं उनका जनादेश पर राजनीतिक प्रश्न चिन्ह लगाना यह गैर जिम्मेदारानापन को दिखाता है जिस मतदाता सूची को लेकर राहुल गांधी सहित सचिन पायलट जैसे नेता लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं तो उन्हें बता दूं कि मतदाता सूची पुनरक्षीकरण सतत चलने वाली प्रक्रिया है और यह जो आरोप लगा रहे हैं इससे पता चलता है कि कांग्रेस का संगठन बूथों में नहीं है कांग्रेस के नेता जमीन खो चुके हैं ऐसे में मिथ्या आरोप लगा के वे अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना कांग्रेस की आदत बन गई है। सत्ता के लिए कांग्रेसी इसके लिए किसी भी हद तक गिरने को तैयार हैं। अभी हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता गांव गली बस्तियों में सेवा के कार्य में लगे हैं जबकि छत्तीसगढ़ में अभी कोई चुनाव नहीं है। भारतीय जनता पार्टी सेवा सुशासन के बल पर लोगों के हृदय में अपना स्थान बनाने में सफल हुई है। कांग्रेसियों के अनर्गल आरोप हमारे राष्ट्र सेवा के संकल्पों को डिगा नहीं सकती।

## सत्ता में आने का नया रास्ता ढूंढ रही भाजपा: पायलट



**तखतपुर।** लोगों को गुमराह कर सत्ता में आने वाली सरकार अब वोट चोरी कर सत्ता में आने का एक नया रास्ता ढूंढ रही है लेकिन जनता और मतदाता इस चोरी को समझ गई है और इसकी सबक चुनाव में मतदाता जरूर भाजपा को देने वाली है।

उक्त बातें तखतपुर में वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत हस्ताक्षर अभियान के अवसर पर कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कही। उन्होंने कहा कि देश में निर्वाचन कराने की जवाबदारी निर्वाचन आयोग की है इस संस्था पर कभी भी सवालिया निशान नहीं था लेकिन कुछ समय से इनकी गतिविधियों से लग रहा है कि यह एक निष्पक्ष संस्था नहीं रही है। किसी पार्टी विशेष के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में जो विकास की पहिया कांग्रेस ने बढ़ाया था वह पिछले दो सालों से थम सी गई है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश का किसान एक बोरी यूरिया के लिए सुबह से लेकर रात तक लाइन में लगे हैं इधर रात हो जा रही है पर उन्हें यूरिया नही मिल पा रहा है। पूर्व विधायक रश्मि सिंह ने कहा कि तखतपुर की स्थिति आज ऐसी हो गई है कि लोगों को सड़क ढूंढना पड़ रहा है। कार्यक्रम को ताम्रध्वज साहू, देवेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विजय केशरवानी एवं आभार प्रदर्शन बिहारी देवांगन ने किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, विजय जांगिड़, जय सिंह अग्रवाल, उमेश पटेल, शिव डाहरिया, मोहन मरकाम, आकाश शर्मा, आशीष सिंह ठाकुर, विजय केशरवानी, शिवेंद्र कौशिक, अभ्युदय तिवारी, अमित साहू, बिहारी देवांगन, मुन्ना श्रीवास, अजय देवांगन, सुरेश ठाकुर, जितेंद्र राज, अवधेश शुक्ला, अनिल कौशिक, गोविंद साहू, अन्नू पाण्डेय, त्रिलोक श्रीवास, बिसाहू कश्यप, टेकचंद कारड़ा, मुकीम अंसारी, नट्टू जायसी, ओमप्रकाश निर्मलकर, मुकेश तिवारी, उदय वासुदेव, संदीप मिश्रा, यावेंद्र सिंह, राजू सिंह, मोंटू मिश्रा, देवी लाल जायसवाल, प्रदीप पाली, सुरेंद्र प्रधान आदि मौजूद थे।

### भूपेश बघेल पहुंचे

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल निजी प्रवास पर तखतपुर के ग्राम जोरापारा पहुंचे थे। जहां से वे तखतपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। जहां पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे पूर्व विधायक जगजीत सिंह के यहां पहुंचे जहां सचिन पायलट एवं कांग्रेस विधायक, पूर्व मंत्री से मुलाकात हुई। इस अवसर पर विधायक अटल श्रीवास्तव, जितेंद्र पाण्डेय, शिवबालक कौशिक उपस्थित रहे।



## मिनी माता महाविद्यालय में रजत जयंती मनाई गई

**लोरमी।** मिनीमाता महाविद्यालय लोरमी में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ रामगोपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डायरेक्टर रनबीर आनंद, उप प्राचार्य बाल कुमार बंजारे, अध्यापक लाला रामगोपाल कश्यप, लोकेश देवांगन, अध्यापिका ललिता बघेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित बघेल ने किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली**
**जिला मुंगेली (छ.ग.)**
Email-cmo.mungeli@rediffmail.com

**ईश्तहार**

ज.मृ.प्र.क्रं.B20242290675000046 9/ 2024-25 ग्राम मुंगेली प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार आ. सुखीराम जाति सतनामी निवासी सोल्हाबेला तहसील जरहागांव जिला मुंगेली के द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगर पालिका परिषद मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 23.09.2025 समय 5:00 बजे दिन को नगर पालिका परिषद मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद मुंगेली**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक.../.../सीमांकन/रा.नि./ 2025
दिनांक .......

आवेदक आशुतोष कुमार आवेदक के बातये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. ललन शर्मा 2. घोष 3. मानस बाबू 4. अन्य सर्व संबंधित

**विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/ना.तहसीलदार के ज्ञापन क्र..../तह./ना.तह./वा./2024 बिलासपुर दिनांक 14.08.2025

ग्राम दोमुहानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 124/16 रकबा 0.0200 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका आशुतोष कुमार पि. स्व. शिवजी ठाकुर निवासी रायपुर जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार /अति.तह./ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालीयन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 19.09.2025 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीप: अपरिहार्य करणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**सिरगिट्टी तहसील**
**व जिला बिलासपुर**



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, निवासी गणपति होम्स के पास, विवेकानंद नगर, फेज-2, मोपका, बिलासपुर, यह घोषणा करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम पूर्व में "आव्या" था, जिसे अब परिवर्तित कर "आव्या श्रीवास्तव" कर दिया गया है। भविष्य में उसे "आव्या श्रीवास्तव" के नाम से जाना और पहचाना जाएगा। मैंने उसके पासपोर्ट में नाम परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।

दिनांक: 17 सितंबर 2025

**डॉ. अंशुल श्रीवास्तव**



**न्यायालय नायब तहसीलदार 3 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर दिनांक 08.09.2025
रा.प्र.क्र.... / ब-121/2025
ग्राम- बतहराई

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बहतराई प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका गरीबा साहू पिता/पति स्व. सुधवा साहू निवासी ग्राम बहतराई के द्वारा शिशु/मृतक/मृतिका फुटेनिया बाई की मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किस भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 22.09.2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202504250500082अ-89/ 2024-25 ग्राम डिघोरा प.ह.नं. 02

**नोटिस**

प्रति,
1. उमेश बांधी पिता सहचू बांधी, 2. सुमेश बांधी पिता सहचू बांधी, 3. रेखा बाई बांधी पति उमेश बांधी, तीनों निवासी ग्राम तेंदुवा तहसील कोटा जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. असुतोष जायसवाल व्याख्याता एल.बी. शा.उ.मा.वि. अखरार जिला मुंगेली (छ.ग)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुलोचना पात्रे पति ब्राईटन पात्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम डिघोरा तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा विकासखण्ड पथरिया के मतदान केन्द्र क्रमांक 179 ग्राम पंचायत डिघोरा जनपद पंचायत पथरिया के पंच पद हेतु निर्वाचन दिनांक 23/02/2025 को कराये गये मतदान/मतगणना की प्राधिकृत अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतपत्रों की पुन: गणना एवं अपात्र मतदाता की मत को अपात्र घोषित करने के संबंध में याचिका धारा 122 छ.ग. पंचायत राज अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 22/09/2025 को प्रात: 11 बजे नियत है। अत: आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 12/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं.202508250500010अ-2/ 2024-25 ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. जसदीप सिंह सलूजा पिता परमजीत सिंह सलूजा निवासी देवेन्द्र नगर फाफाडीह तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न. 13 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 1763/1 रकबा 0.1500 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 29/09/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा रमेश कुमार साहू पिता श्री भगेला राम साहू निवासी ग्राम किरना तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) इनके अन्य वारिसान सनत, सुनील, विनीता पिता चेतन, कुमारी बाई पति चेतन, युगल, राजेन्द्र, रमेश पिता भगेला, ना.बा. वीर कुमार, ना.बा. लीशा, ना.बा. हिमांशी, पिता कमलेश पालक ईश्वरी, राधेश्याम, दुर्गा पिता हरेन्द्र, चंपा पति रहेन्द्र से इनके नाम पर शामिल सरीख भूमि मौजा किरना प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. सरगांव तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 801/1 रकबा 0.2430 हे. एवं खसरा नं. 801/4 कुल रकबा 0.6070 हे. में से रकबा 0.1420 हे. कुल रकबा 0.3850 हे.कुल दोनों खसरा का रकबा 0.95 डिसमिल भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- पुरुषोत्तम जुरयानी
पिता स्व. मूलचंद जुरयानी
शॉप नम्बर B-13 फर्स्ट फ्लोर वन्दावन प्लाजा नेहरू चौक के पास बिलासपुर
मो. 9827938236



**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क / /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर दिनांक 06.08.2025

श्री सुधांशु चन्द्राकर आत्मज श्री भानू चंद्राकर उम्र 26 वर्ष निवासी भदौरा बाड़ा गुड्डू किराना के पास दयालबंद थाना सिटी कोतवाली तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी उज्ज्वला पारेकर आत्मजा श्री एम.डी. पारेकर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम म.नं. 31 अन्नपूर्णा विहार गणेश नगर सेक्टर-01 हेमूनगर थाना तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 16.10.2025 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



सुधांशु चन्द्राकर



उज्ज्वला पारेकर

**(ज्योति पटेल)**
**अतिरिक्त कलेक्टर एवं**
**विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय:- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कवर्धा के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश पंडरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी- आलोक कुमार अग्रवाल)

**-:: आम ईश्तहार / सूचना पत्र ::-**

सि.नि.प्र.प्र. 03/2024, प्रोसेस क्र.- 355/2025
अशोक कुमार वगै. विरुद्ध रामकुमार वगै.
पेशी तारीख 08/10/2025

प्रति,

1. पुष्पा बाई उर्फ भूरी, उम्र-58 वर्ष, पति- श्री कमलकांत कुलमित्र, निवासी ग्राम- झाफल, तहसील - लोरमी, जिला- मुंगेली (छ.ग.)

इस न्यायालय में डिक्रीधारीगण अशोक कुमार वगै., निवासी ग्राम भरेवापूरन, तहसील- कुंडा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा निष्पादन आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 21 नियम 10 सि.प्र.सं. प्रस्तुत किया गया है, जिसमें आगामी सुनवायी की तिथि 08/10/2025 नियत है। अतः आपको उक्त नियत दिनांक को इस न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है।

उक्त नियत दिनांक को स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों। यह भी निर्देश दिया जाता है कि उक्त नियत दिनांक को या उसके पूर्व इस न्यायालय में अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को जो कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह कब्जे या शक्ति में हो या न हो प्रतिरक्षा या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें, तो निष्पादन की सुनवायी और उसका निपटारा डिक्रीधारी को संबंधित डिक्रीधारी भूमि का स्वामी मानते हुए उनके पक्ष में किया जावेगा। यदि उक्त नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है, तो मामले की सुनवायी आगामी कार्यदिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 12 माह सितम्बर, सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान- पंडरिया
दिनांक- 12/09/2025

मुहर

आलोक कुमार अग्रवाल
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कवर्धा के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश पंडरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपर तहसील व जिला बिलासपुर**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 12/09/2025

प्रति, 1. परमजीत सिंह पिता स्व. हरनाम सिंह 2. अमरलाल पिता नानक 3. चंद्र प्रकाश पिता नानक 4. अशोक कुमार पिता प्रभुदास 5. कन्हैयालाल पिता साधुदास 6. मनोहर बोलर 7. रमेश सिदारू 8. प्रेम शरनानी अन्य सर्वसंबंधित हितबद्ध व पक्षकार।
(समीपी भूमिस्वामियां की जानकारी ज्ञापन में / दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार।

विषय- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क/क/तह /वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक आवेदक परमजीत सिंह निवासी आदर्श कालोनी के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न.36 रा.नि.म. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नबर 912/4, 912/3, रकबा 0.0740 हे. के सीमाकंन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन ने आवेदित भूमि का सीमाकन दिनाक 22/09/25 को समय 11 से 5 बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वय जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीप -1-आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपर तहसील व जिला बिलासपुर**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 12/09/2025

प्रति, 1. हरजीत कौर पति परमजीत सिंह 2. अमरलाल पिता नानक 3. मनोहर बोलर 4. प्रेम सरनानी 5. रमेश सिदारा
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

विषय:- सीमाकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/ तह/वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक हरजीत कौर निवासी आदर्श कॉलोनी के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 रा.नि. म. जूना बिलासपुर तहसील जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 912/5 रकबा 0.072 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार विलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 22/09/25 को समय 11 से 5 किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिन्मेदार होगे और बाद की आन्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीप:- 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपर तहसील व जिला बिलासपुर**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 12/09/2025

प्रति, 1. राजेन्द्र सिंह छाबड़ा 2. चमनलाल वर्मा 3. अशोक साहू 4. गिरीश नामदेव 5. इकबाल सिंह पिता स्व.रूपपाल सिंह 6. राकेश गुप्ता अन्य सर्वसंबंधित हितबद्ध व पक्षकार
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

विषय:- सीमाकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/ तह/वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक आवेदक राजेश सिंह छाबड़ा निवासी आदर्श कॉलोनी के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.न. 36 रा.नि.म. जूना बिलासपुर तहसील जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 196/1 रकबा 0.0160 के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 19/09/25 को समय 11 से 5 किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिन्मेदार होगे और बाद की आन्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीप:- 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक,जूना बिलासपुर (छ.ग.)



**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम सूचना प्रकाशित किया जाता है कि मेरे अभ्यर्थी के ग्राम लगरा, प०ह०नं० 27, रा०नि०मं० बिलासपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 631 रकबा 0.27 एकड़ भूमि मेरे अभ्यर्थी के नाना भुखउ वल्द अवधराम सूर्यवंशी के नाम पर दर्ज रही, उक्त भूमि को इन्द्रजीत गेंदले जाति सतनामी पिता भुखउ बताते हुए अपने नाम पर नामांतरण दिनांक 25.03.2025 को करा लिया, एवं दिनांक 30.03.2025 को गौरीशंकर साहू पिता गणेश राम साहू निवासी- मोपका वाले के पक्ष में पंजीयन करा दिया है, जबकि इन्द्रजीत गेंदले मृतक भुखउ का वारिस ही नहीं है, उनके द्वारा कूटरचित अपनी जाति को छिपाते हुए अवैधानिक कृत्य किया है, मेरे अभ्यर्थी द्वारा उक्त घटना के संबंध में माननीय पुलिस अधीक्षक बिलासपुर एवं माननीय पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर के समक्ष शिकायत पत्र प्रस्तुत कर इन्द्रजीत एवं गौरीशंकर साहू के विरूद्ध फौजदारी प्रकरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, साथ ही मेरे अभ्यर्थी के द्वारा तहसीलदार के आदेश के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया है, साथ ही माननीय न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के न्यायालय में वाद संस्थित किया है, जिसका व्यवहार वाद कमांक 291/2025 है, मेरे अभ्यर्थी को जानकारी प्राप्त हुई है कि इन्द्रजीत गेंदले एवं गौरीशंकर साहू आपस में मिलकर उक्त भूमि को विक्रय किये जाने का प्रयास कर रहे हैं। अतएव इस आम सूचना के जरिये यह जानकारी देता हूँ कि कोई भी व्यक्ति या कोई शासकीय या अर्धशासकीय संस्था उक्त भूमि को न खरीदें। सो सूचना जानें।

दिनांक - 17.09.2025
स्थान- बिलासपुर छ०ग०

भवदीय- राकेश शर्मा, अधिवक्ता
मो० नं० - 9300350300



**न्यायालय श्रीमान नवम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

प्रकरण क्रं व्य.वाद क्रं 48-A/24
आदेश दिनांक 01/09/2025
पेशी दिनांक 01/10/2025
प्रोसेस क्रं :-

नर्बदेश्वर पाण्डेय (मृत) द्वारा किशन पाण्डेय + 1 .... वादीगण // विरूद्ध // विजय कुमार जैन + 2 ..प्रतिवादीगण

प्रति,
कपिलदेव शर्मा पिता श्री रामलाल शर्मा उम्र लगभग 44 वर्ष निवासी राधिका विहार, लिंगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में वादीगण ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद वास्ते घोषणा कि प्रतिवादी क्रं 03 एवं प्रतिवादी क्रं 02 के मध्य निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30/03/2019 कीमती 23,28,500 /- रूपये अवैधानिक एवं आरंभ से प्रभाव शून्य है एवं कब्जा कीमती 10,000/- रूपये कुल मूल्यांकन 23,38,500/- रूपये का पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 01/10/2025 को है। अत: आपको इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा वाद का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 01/10/2025 को न्यायालय में प्रात: 11:00 बजे स्वत: उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 01/10/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित होता है, या सार्वजनिक अवकाश हो जाता है, या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है, तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 11/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 11/09/2025
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान नवम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



जागरूकता

## अटल विवि में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में बेलतरा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला और विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई उपस्थित थे। यह अभियान विश्वविद्यालय के वॉलीबॉल मैदान में चलाया गया, इस अवसर पर कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम, एन एस एस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एच एस होता, वित्त अधिकारी अलेक्जेंडर कुजूर, खेल निदेशक डॉ प्रमोद तिवारी, उप कुलसचिव नेहा राठिया, नेहा यादव, आदित्य सिंह स्वयं सेवक उपस्थित थे।

आयोजन

## सखी महिला समूह के गीत–संगीत में दिखा छत्तीसगढ़ी, पंजाबी तड़का



**बिलासपुर।** सखी महिला समूह वसंत विहार की सखियों ने गीत-संगीत कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेश में भाग लिया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी, ओडिशा, नेपाल व पंजाबी तड़का देखने को मिला। सावन सुंदरी का खिताब ऋतु केंवट और मोना कामले को दिया गया। मुख्य अतिथि श्रध्दा महिला मंडल एस.ई.सी.एल बिलासपुर की अध्यक्ष शशि दुहन थीं। श्रीमती दुहन एवं उनकी पूरी टीम सखी महिला समूह का नेतृत्व किया। यह जानकारी अनिता मेश्राम अध्यक्षा सखी महिला समूह ने दी और बताया कि इस आयोजन में पूरी सखी समूह की सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया।

कार्यक्रम

## आईसीए एडु स्किल्स और अटल विश्वविद्यालय के बीच एमओयू



**बिलासपुर।** आईसीए एडु स्किल्स विगत 24 वर्षों से टैली एवं स्किल विकास की शिक्षा प्रदान करती है, जिसमे आज के समय के महत्वपूर्ण विषय जीएसटी,टीडीएस, आयकर आदि की जानकारी भी दी जाती है। इसी कड़ी में आईसीए की बिलासपुर शाखा व अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के मध्य करार किया गया। जिसमे कॉमर्स के विद्यार्थियों को टैली,जीएसटी, आयकर के विषय की आध्यातमिक व तकीनीकी जानकारी कुशल प्रशिक्षकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा प्रदान की जाएगी। आईसीए बिलासपुर शाखा की डायरेक्टर प्रगति शुक्ला ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्य में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में अपना पंजीयन कराया, विश्वविद्यालय ने इस करार से विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान का लाभ मिलेगा।

स्पोर्ट्स

## एथलेटिक्स चैंपियनशिप 27 से रांची में होगी

**बिलासपुर।** 64 वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 27 से 30 सितंबर तक बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम रांची में आयोजित की जा रही है, इस प्रतियोगिता में लगभग देश भर से से एथलीट भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से पांच खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, बा लवर्धन राव 100 मी,तार्निका टेटा लंबी कूद, थोटा संकीर्तन 800 मी, मोहम्मद अमन तारगोल फेक, शेखर तोमर 200 मीटर,टीम कोच अशोक कुमार पटेल एवं टीम प्रबंधक कुमारी आंचल भगत होंगी। इस टीम के चयन करता रवि शंकर धनगर, अरुण कुमार पाल बेमेतरा, गुरमीत अटवाल, डॉक्टर मेजर सिंह दुर्ग ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए बेहतर प्रदर्शन को करने वाले खिलाड़ियों को चयनित किया। आगामी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स की टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी इस तरह से चयन करता और छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रशिक्षक पी जीजयकृष्णनन का कहना है छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स के खिलाड़ी काफी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के प्रवक्ता एवं कार्यकारिणी के संयुक्त सचिव हेमंत सिंह परिहार ने दी।



# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस पर ऐतिहासिक यात्रा का आगमन

धन धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 शहादत वर्ष को मनाते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी दरबार साहिब अमृतसर द्वारा पंज प्यारे साहिब की अगुवाई में धार्मिक संदेश यात्रा असम राज्य के डूबरी से आरंभ हुई। यात्रा जिसमें धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप एवं गुरु तेग बहादुर साहिब के अस्त्र-शस्त्र वस्त्र लिबास एवं और भी ऐतिहासिक चीजों के साथ देश के अनेक शहर को होते हुए है, बुधवार रात शहर पहुंची।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यात्रा का तखतपुर जयराम नगर पाली कुंडा, लोरमी, अकलतरा एवम आसपास जगहो संगत ने फुलो की बरसा कर महाराणा प्रताप चौक में भव्य स्वागत किया। यह समुह साध संगत ने मिलकर यात्रा के साथ गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा दयालबंद पहुंची जहां यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। गुरुवार सुबह यह ऐतिहासिक यात्रा सुबह 9:30 बजे गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा दयालबंद से समुह साध संगत के साथ नगर कीर्तन करते शहर के मध्य मार्ग गांधी चौक, गोलबाज़ार, प्रताप चौक होते हुए महामाया चौक तक जाएगी। जहां से यात्रा आगे रतनपुर मार्ग होते हुए दोपहर पाली पहुंचेगी। इस यात्रा के स्वागत के लिए समुह साधसंगत एवं सिख समाज में अत्यंत उत्साह देखने को मिला, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ साथ विभिन्न कमेटियों ने इस ऐतिहासिक यात्रा के स्वागत के लिए गुरमत समागम का भी आयोजन किया। गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा दयालबंद में गुरवार को सुबह विशेष 7:30 से 9:30 तक दीवान सजाया जाएगा।जिसमें अमृतसर से विशेष तौर पर आमंत्रित किए गए विशेष भाई बलदेव सिंह भाई गुरदीप सिंह एवं ज्ञानी राजदीप सिंह विशेष हाजिरी भरेंगे। पुरे कार्यक्रम को सफल बनाने गुरुद्वारा गुरूसिंघ दयालबंद के अध्यक्ष मनदीप सिंह गंभीर के नेतृत्व में पुरी प्रबंधक कमेटी शहर की सेन्ट्रल गुरुद्वारा गोड़पारा कमेटी, हीरानगर सिरगिटी प्रबंधक कमेटी , 27खोली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, यदुनंदन नगर प्रबंधक समुह साध संगत का विशेष सहयोग रहा।

### समूह साध संगत का वस्त्र रहा आकर्षण का केन्द्र

यात्रा के श्री गुरुग्रंथ साहिब के स्वरुप के साथ धन धन श्री गुरुतेग बहादुर साहेब के ओरिजनल अस्त्र शस्त्र एवम धन-धन गुरुतेग बहादुर साहेब के वस्त्र जो कि यात्रा के साथ गाड़ियो में समूह साध संगत के दर्शन के लिए रखे गए थे विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समूह साध सिक्ख समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी क्रमबद्ध होकर श्री गुरुतेग बहादुर साहेब के अस्त्र शस्त्र और वस्त्र के दर्शन लाभ लिए।

# नवरात्रि पर रहेगी डांडिया की धूम कोरियोग्राफर करा रहे रिहर्सल

**महिलाओं, युवतियों में देखा जा रहा उत्साह, विशेष ड्रेस कोड में करेंगी गरबा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर्व के आते ही शहर में डांडिया की तैयारी शुरू हो जाती है। इस बार भी शहर के कई सामाजिक संगठनों सहित अन्य संस्थाओं द्वारा नवरात्रि पर डांडियां का आयोजन कराया जा रहा है। इसकी रिहर्सल भी शुरू हो गई है। बच्चे, महिला, युवा सभी उत्साह से कोरियोग्राफर की देखरेख में नियमित रूप से डांडिया का अभ्यास कर रहे हैं।

इस साल नवरात्रि सोमवार 22 सितंबर से शुरू होकर 1 अक्टूबर को समाप्त होगा। इसके बाद 2 अक्टूबर को विजयादशमी मनाई जाएगी। यह 10 दिन की नवरात्रि होगी। इस दौरान शहर में डांडिया और गरबा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि पर्व सिर्फ पूजा-अर्चना तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसका सांस्कृतिक पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नवरात्रि में खेले जाने वाले गरबा और डांडिया के बिना नवरात्रि का पर्व अधूरा माना जाता है। नवरात्रि में गरबा का काफी महत्व रहता है, क्योंकि नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के 9 रूपों की पूजा होती है, जो शारीरिक और मानसिक शक्ति को जागृत करती है।

### गुप्ता समाज में चल रहा गरबा का अभ्यास



श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मंडल द्वारा आदिशक्ति मां महामाया की आराधना हेतु रास गरबा का आयोजन 22, 23, 24 सितंबर को सामाजिक भवन करबला में किया जा रहा है। गरबा की प्रैक्टिस कोरियोग्राफर द्वारा कराया जा रहा है। इसकी शुरुआत 13 से 21 सितंबर तक शाम 4 से 7 बजे तक होगी। प्रेक्टिस में आए हुए सदस्यों को प्रतिदिन पंचुअल का प्राइज़ दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमिला गुप्ता होंगी। रास गरबा के पहले दिन महिला वर्ग बंगाली थीम में गरबा करेंगी। दूसरे दिन मल्टीकलर लहंगा, तीसरे दिन गुजराती ड्रेस में गरबा होगा। नवयुवतियों के लिए पहले दिन फ्लोर टच ड्रेस दूसरे दिन साऊथ इंडियन ड्रेस, तीसरे दिन गुजराती ड्रेस, बालिका वर्ग के लिए पहले दिन नवदुर्गा के गेटअप, दूसरे दिन राधा रानी के ड्रेस, तीसरे दिन गुजराती ड्रेस एवं बालक वर्ग के लिए सफेद कुर्ता-पायजामा, लाल दुपट्टा, दूसरे दिन कृष्ण ड्रेस, तीसरे दिन गुजराती ड्रेस रखा गया है। सभी को उनके पोशाक और डांस के आधार पर विभिन्न पुरस्कार तीनों दिन दिए जाएंगे। महिला मंडल की अध्यक्षा मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता ने समाज के सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

### गरबा कराने आ रही भावनगर की टीम



गुजराती समाज के लोग भी गरबा उत्सव मनाने व्यापक स्तर पर तैयारी कर रहे हैं। गुजराती समाज के सचिव बकुल भाई ने बताया कि उनके समाज का गरबा 22 सितंबर से आरंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। गरबा कराने भावनगर गुजरात की टीम आ रही है। इसके लिए समाज के बच्चे गुजराती समाज भवन के ऊपर हॉल में हर दिन रात्रि साढ़े सात से साढ़े 9 बजे तक अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सप्तमी 29 सितंबर को युगल रास पारंपरिक वेशभूषा में किया जाएगा। अष्टमी पर 30 सितंबर को शो रास में महिलाएं चड़िया-चोली में युवती एवं पुरूष सफेद कुरता-पायजामा में गरबा करेंगे। गरबा कार्यक्रम को सफल बनाने गुजराती समाज के अध्यक्ष केतन भाई सुतारिया, सचिव बकुल भाई पटेल, कोषाध्यक्ष भरत भाई जोशी, महिला मंडल की अध्यक्ष हीना बेन पारीख, सचिव वर्षा बेन सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष रीतु बेन सेलारका, युवा मंडल के अध्यक्ष हिमांशु भाई, सचिव कुणाल ठक्कर, कोषाध्यक्ष मित्तल भाई ठक्कर सहित अन्य सभी सदस्य जुटे हैं।

### दिए जाएंगे इनाम

नवयुवक कान्य कुब्ज विकास समिति महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 27 सितंबर को ईस्ट पार्क में डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए ज्ञानम पैलेस, कान्य कुब्ज भवन में अलग-अलग टीमों को डांडिया एक्सपर्ट द्वारा निरंतर अभ्यास कराया जा रहा है। महिला प्रकोष्ठ की संरक्षिका डॉ आरती पाण्डेय ने बताया कि यह आयोजन पारिवारिक स्तर पर देवी की पूजा अर्चना करने कराया जा रहा है। समाज की महिलाएं, युवतियां, युवा, बच्चे सभी राजस्थानी वेशभूषा में डांडिया करेंगे। इस दौरान प्रतियोगिता करा इनाम भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने अध्यक्ष किरण बाजपेई, कार्यकारी अध्यक्ष नमिता बाजपेई, सचिव ममता सहित अन्य सदस्य एवं नवयुवकों की टीम सक्रिय हैं।



## रमन विवि में सूक्ष्मजीव दिवस

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के जीवन विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो पी के घोष, डॉ अरविंद तिवारी, समकुलपति डॉ जयति चटर्जी, गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रमुख डॉ आर के सिंह, डॉ श्वेता साव एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान विभागाध्यक्ष तथा डॉ अमित शर्मा भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल में प्रो ए के श्रीवास्तव, डॉ रश्मि वर्मा, डॉ राकेश यादव, डॉ यामिनी गौतम, डॉ मिलन हैत, डॉ एस के तिवारी एवं डॉ अभिषेक शर्मा शामिल रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और प्रस्तुति की सराहना की। रंगोली प्रतियोगिता का संचालन ज्योति श्रीवास, डॉ प्रतिभा पांडेय और अंकिता रेडेलवार के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। मेहंदी प्रतियोगिता का प्रभार डॉ ममता साहू और डॉ हिमानी सांडे के पास रहा। क्विज़ प्रतियोगिता को डॉ दीपक कुमार सोनी और डॉ राकेश सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसी प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉ अंतु कुर्रे और डॉ शालिनी पांडेय ने किया। वहीं मौखिक प्रस्तुति प्रतियोगिता का नेतृत्व प्रखर शर्मा, साक्षी दुबे और दरक्षण सलीमा ने किया, जिसमें छात्रों ने वैज्ञानिक विषयों पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी।



पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

# भारत का गौरवशाली अतीत, वर्तमान व भविष्य को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा देता है



छत्तीसगढ़ की ऋषि परंपरा के कारण ही सबले बढ़िया कहा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिन कुल पांच सत्रों का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वीके सारस्वत व कुलसचिव भुवन सिह राज एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी सहित शोधार्थी, शिक्षार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संगोष्ठी के संयोजक प्रो. हीरालाल शर्मा द्वारा स्वागत भाषण दिया, वहीं सत्र की अध्यक्षता पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के निदेशक प्रो. धनंजय मिश्रा ने की। इसके बाद शोधार्थियों द्वारा अपने शोध-पत्रों का वाचन किया गया। प्रो. मिश्रा ने कहा कि संगोष्ठी का विषय अपने आप में तीनों कालों भूतकाल, वर्तमानकाल एवं भविष्यकाल को समाहित करता है। हमें छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं सांस्कृतिक परंपरा की रक्षा करते हुए इसके वर्तमान और भविष्य का संवर्द्धन करना होगा। पंचम सत्र का विषय छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य रहा, जिसकी अध्यक्षता शासकीय जेपी वर्मा कालेज के प्राचार्य प्रो. एसएल निराला ने की। मुख्य वक्ता के रूप में कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई के प्रो. सुधीर शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा की प्राचीनता को लेकर विद्वानों में मतैक्य नहीं है, किन्तु यह निर्विवाद है कि मातृभाषा के रूप में हिन्दी और उसकी बोलियां प्रारंभ से ही अपने-अपने क्षेत्रों की राजभाषा के रूप में प्रयुक्त होती रही हैं। यदि हिन्दी साहित्य से बोलियों को अलग कर दिया जाए तो उसका स्वरूप अधूरा और रिक्त हो जाएगा। छत्तीसगढ़ी भाषा को छोड़कर हिन्दी की सेवा में इतना योगदान दिया गया कि आज हमें अपनी ही राजभाषा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य एसएल निराला ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में ज्यादा से ज्यादा शोध करने की आवश्यकता है। हम जितना ज्यादा शोध करेंगे उतना ही हमारा प्रदेश और हमारा देश आगे बढ़ेगा।

### षष्टम सत्र का विषय समाज एवं संस्कृति

कल, आज और कल रहा, जिसकी अध्यक्षता हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी के पूर्व संचालक शशांक शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विषय अत्यंत व्यापक है। भारतीय उपमहाद्वीप में तुर्कीस्तान से लेकर श्रीलंका तथा ईरान से लेकर म्यांमार तक एक समान सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता दृष्टिगोचर होती है। उन्होंने रवींद्रनाथ ठाकुर और मैक्स म्यूलर के विचारों का संदर्भ देते हुए राष्ट्रवाद की अवधारणा पर प्रकाश डाला।

अध्यक्षीय उद्बोधन में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने कहा कि भारत का गौरवशाली अतीत हमें अपने वर्तमान और भविष्य को श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा देता है। जनजातीय समाज भी अन्य समाज की भांति समग्र मंगल की कामना करता है।

राजन यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में देवी-देवताओं की परंपरा, लोकगीत, रीति-रिवाज, धार्मिक आयोजन और लोककलाएं विशेष स्थान रखती हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की बोली को देवी का रूप माना जाता है तथा लोकगीतों और परंपराओं के माध्यम से वहां की संस्कृति की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रो. देवदास साकेत ने अपने वक्तव्य में कहा कि धर्म के बदलते विमर्श में छत्तीसगढ़ की संस्कृति का योगदान अद्बितीय है। उन्होंने वहां की जीवन शैली, लोककला, रीति-रिवाज और लोकगीतों का उल्लेख करते हुए बताया कि यह संस्कृति भारतीय संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को आगे बढ़ाती है।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्व चलाते हुए साइकिल सवार ग्रामीण को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में ग्रामीण की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, खमरईया केकती निवासी उदयराम कश्यप पिता रामकुमार कश्यप 47 साल परिवार के साथ उसलापुर बाजार के पास रह रहे थे। बुधवार की शाम 6 बजे वे ग्राम हांफा की ओर से साइकिल में सवार होकर उसलापुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात पिकअप के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उदयराम कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और ट्रैफिकजाम हो गया। सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगालकर पिकअप वाहन की पहचान करने में लगी हुई है।

### दो मेमू ट्रेनों का विस्तार राजिम तक आज से

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत राजिम स्टेशन से 18 सितंबर को 68766/68767 रायपुर से राजिम से रायपुर नई मेमू ट्रेन सेवा तथा रायपुर से अभनपुर तक चल रही 2 मेमू ट्रेन सेवाओं 68760/68761 एवं 68762/68763 का राजिम स्टेशन तक विस्तार का शुभारंभ से किया जा रहा है। इन सेवाओं का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्रातः 10.30 बजे राजिम रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। राजिम से रायपुर और रायपुर से राजिम नई मेमू ट्रेन सेवा तथा रायपुर से अभनपुर तक चल रही 2 मेमू ट्रेन सेवाओं के विस्तार के साथ यात्रियों को रायपुर एवं राजिम के बीच और अधिक सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध होगी। नई मेमू ट्रेन में 6 सामान्य श्रेणी कोच और 2 पावरकार सहित कुल 8 कोच होंगे, जो राजिम और रायपुर के बीच नियमित यात्रियों की सेवा प्रदान करेंगे।

### जोनल रेल मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा 29 तक

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल कार्यालय में राजभाषा हिंदी में कामकाज को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करने के लिए रेलवे तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए 14 से 29 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान राजभाषा हिंदी की विभिन्न प्रेरक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इसी कड़ी में 18 सितम्बर गुरुवार को जोनल सभाकक्ष, तृतीय तल, महाप्रबंधक कार्यालय में अपरान्ह 15.30 बजे से स्वरचित काव्य पाठ, गीत एवं गजल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जोनल रेलवे, तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कार्मिकों के नाम राजभाषा विभाग, महाप्रबंधक कार्यालय, दपूम रेलवे को प्रेषित किया जा सकता है।

### मंगलवार को गोलबाजार की चार दुकानों में आग लगने से करीब एक करोड़ का नुकसान

### सुबह आग बुझाने और राहत का काम पूरा होने के बाद भी दोपहर में 14 घंटे बाद बिजली आई

# गोलबाजार व सदर बाजार में 800 से अधिक दुकानें, गलियों तक में कब्जा, इसलिए हो रही हैं आग लगने की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गोलबाजार की चार दुकानों में आग लगने से करीब एक करोड़ का नुकसान हो गया। चारों दुकानदार देर रात से लेकर दोपहर तक अपना सामान निकालते रहे। इधर पुलिस, दमकल और एसडीआरएफ की टीम की मदद से दुकानों में आग बुझाने की कोशिश सुबह तक जारी रही। सबसे अधिक परेशानी बिजली गुल होने से हुई। आग लगने के कारण क्षेत्र की बिजली रात से ही काट दी गई थी। सुबह आग बुझाने और राहत का काम पूरा होने के बाद भी दोपहर में 14 घंटे बाद बिजली आई। इस दौरान गोलबाजार, सदर बाजार, कोरोना चौक, उदल चौक, गोंड़पारा के अधिकांश घरों में पानी नहीं आया और लोग परेशान होते रहे। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। इधर देखा जाए तो सदर बाजार और गोलबाजार में 800 सौ छोटी-बड़ी दुकानें हैं। इनमें कई संस्थान सकरी गलियों में भी हैं। ज्यादातर गलियों में अतिरिक्त कब्जा है। संस्थान मालिकों ने अपने विज्ञापन बोर्ड लगा रखे हैं। यदि कोई अनहोनी होती है तो यहां दमकल तक घुसना संभव नहीं है। तोडफ़ोड़ कर राहत कार्य कर पाना भी संभव नहीं।

गोल बाजार में अपना लॉज से सटी 4 दुकानों में मंगलवार की रात आग लग गई। इस हादसे में कपड़े, जूते, बैग और मेवे की दुकान चपेट में आ गए। सबसे ज्यादा नुकसान कपड़े और जूते की दुकान को हुआ है। अगल-बगल स्थित दुकान वंदना हैंडलूम, मास्को शू, जय बालाजी ड्राइ फ्रुट्स के साथ ही महामाया साड़ी में आग लगने से करीब एक करोड़ का नुकसान होना बताया जा रहा है। चारों दुकान जलकर खाक हो गईं हैं।



आग लगने के बाद जली हुई गोल बाजार की दुकानें।





### एसीपी, साइन बोर्ड के साथ दरवाजा तोड़ा गया

व्यापारियों ने बताया कि गोल बाजार स्थित अपना लॉज व अमरनाथ की दुकान से सटी चार दुकानों से देर रात लोगों ने धुंए का गुबार उठते देखा। जिसके बाद लोगों ने आग लगने की जानकारी पुलिस और दमकल को दी। पहले किस दुकान में आग लगी थी, ये जांच की गई। आसपास के लोगों के साथ ही कोतवाली पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम देर रात तक आग बुझाने की कोशिश करते रही लेकिन, धुंआ-धुंआ होने के कारण बुझाने में देरी हुई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ी पहुंच तो गई पर दमकल कर्मियों को दुकान के अंदर घुसने में ही दो घंटे से अधिक लग गए। दुकान के सामने के एसीपी बोर्ड, साइन बोर्ड के साथ ही सामने के दरवाजे को तोड़कर सुबह 4 बजे आग पर काबू पाया गया।

### सात लाख की आबादी के लिए केवल 9 दमकल

देखा जाए तो आग लगने के बाद गोल बाजार, सदर बाजार, शनिचरी बाजार ऐसे क्षेत्र हैं जो डेंजर जोन में हैं। यहां जरूरत पड़ने पर दमकल की असानी से नहीं जा सकते। सबसे गंभीर स्थिति कंवरराम कपड़ा बाजार, जूनी लाइन, मनिहारी गली शनिचरी बाजार, और शनिचरी सब्जी बाजार की है। दूसरी ओर लगातार बढ़ रहा शहर स्मार्ट सिटी भी बन गया है शहर लेकिन कुल सात लाख की आबादी के लिए केवल 9 दमकल ही हैं। शहरवासियों की सुरक्षा के लिए नगर निगम का एक मात्र फायर स्टेशन है, इसके संचालन के लिए मात्र 39 कर्मचारी हैं, जिसमें 3 प्रशिक्षित नगर सैनिक व 36 नगर निगम से संविलियन हैं और अप्रशिक्षित है। जो शहर के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। शहर में बड़ी आगजनी की वारदात होने पर एसईसीएल, एनटीपीसी, वर्धा पावर प्लांट व पड़ोसी जिलों से दमकल की मदद लेनी पड़ती है।

### दुकानों के साथ ही घरों को खाली कराया गया

इस दौरान दुकानों के अंदर से ऊपर तक धुंए का गुबार उठ रहा था। वहीं, सघन मार्केट में आग आसपास की दुकान और घरों तक पहुंचने की आशंका बनी रही। इसके डर से पुलिस ने पास की दुकानों को खाली कराया। साथ ही लोगों को भी घरों से बाहर निकाला गया। कई परिवार सुबह तक रिवर व्यू के साथ ही अपने परिजन के घरों में ठहरे थे।

### दमकल को हुई परेशानी

गोलबाजार में पहले भी आग लगने की घटनाएं हुई हैं। इस बार लेकिन अधिक परेशानी हुई क्योंकि दमकलों को पानी भरने के लिए पंप हाउस तक जाना पड़ा। इसमें समय बरबाद हुआ। प्रशासन को चाहिए कि कम से कम दमकलों के लिए शहर के प्रमुख जगहों पर छोटे पंप हाउस बनाए। व्यापारी भी जब दुकान बंद करके घर जाएं तो मेन स्वीच को आफ कर दें। - **गुड्डा पांडे,** अध्यक्ष, गोल बाजार व्यापारी संघ

### एक घंटे बंद थी लाइट, अचानक बढ़ा लोड

व्यापारियों के मुताबिक आग लगने की पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की है। सभी दुकानदार जहां आग लगी है वे 10 बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। इस दौरान सब कुछ ठीक था। हालांकि गोलबाजार में एक घंटे से लाइट बंद थी। साढ़े 10 बजे के करीब अचानक लोड़ बढ़ा है और इसी से शार्ट सर्किट लगने की आशंका है।

# सेंट्रल लाइब्रेरी में 10 दिन में दो बार लगी आग

सेंट्रल लाइब्रेरी में मंगलवार की शाम साढ़े सात बजे फिर से आग लग गई। यह आग शार्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है। इससे पहले 5 सितम्बर को भी आग लगी थी, जब यहां एक बल्ब फट गया था। छात्रों ने दोनों ही दिन बड़ी मुश्किल से आग बुझाया।

नूतन चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी 7 करोड़ में बनी है। एक शानदार कारपोरेट आफिस की तरह बने इस लाइब्रेरी में फिलहाल 1500 से अधिक बच्चों का रजिस्ट्रेशन है। फीस के साथ ही दूसरी व्यवस्थाओं को लेकर पहले भी छात्र सवाल उठाते रहे हैं।

■ घटना के समय कोई भी प्रशासक या अधिकारी मौजूद नहीं था

मंगलवार की शाम जब आग लगी तो उस समय कोई प्रशासनिक अधिकारी या जिम्मेदार व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं था। छात्रों की सुरक्षा को नजरअंदाज करते हुए लाइब्रेरी प्रबंधन ने घटनाओं को हल्के में लिया। नाराज विद्यार्थियों का कहना है कि लाइब्रेरी केवल किताबें पढ़ने की जगह नहीं है, बल्कि यह हजारों छात्रों की सुरक्षा से जुड़ा हुआ स्थान है। बार-बार आग लगना और प्रशासन का मौन रहना बेहद खतरनाक है। छात्रों ने मांग की है कि लाइब्रेरी की विद्युत व्यवस्था और सुरक्षा उपकरणों की तत्काल जांच की जाए। इसके साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो और छात्रों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।



### सीज फायर से निकलता है पाउडर

छात्रों ने बताया कि लाइब्रेरी को पूर्णतः सफाई कर्मी और प्यून के ऊपर छोड़ दिया जाता है। जिस समय घटना हुई उस समय दोनों बार कोई भी लाइब्रेरी प्रशासक नहीं था और सभी शाम 6 बजे के बाद चले जाते है। रोजाना ही ऐसा होता है। अभी तक गर्ल्स बाथरूम का दरवाजा नहीं बनाया गया है जबकि इसकी मांग 6 महीने से की जा रही है। आग बुझाने के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी में रखे सीज फायर से पाउडर निकलता है। आग लगने पर जब इसका उपयोग किया गया तो यह बेकार साबित हुआ।

### लिफ्ट और पंखे खराब, गंदा पानी पीकर हो रहे बीमार

छात्रों के मुताबिक स्वच्छ जल की उपलब्धता ना होने के कारण हमारे कई साथी गंदा पानी पीकर बीमार भी हो चुके हैं। इसके अलावा, लाइब्रेरी में एसी, पंखे, कंप्यूटर, और वाई-फाई जैसी मूलभूत सुविधाएँ भी दुरुस्त नहीं हैं। हमने इस संबंध में लाइब्रेरी प्रशासन को कई बार शिकायत की है, लेकिन हमारी समस्याओं को बार बार नजरअंदाज किया जाता रहा है। कई पंखे खराब हैं तो कई रिपेयरिंग में गए हुए हैं। खाना खाने या फिर डिस्कशन के लिए कही बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है बच्चे जमीन में बैठकर सारा कार्य करते है। इस लाइब्रेरी का लिफ्ट बंद है।

**कोनी रतनपुर मौरी ब्रिज के नीचे हुआ हादसा**

# सड़क पर बैठे 8 मवेशियों को अज्ञात वाहन ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर बेलगाम भारी वाहन के ड्राइवर ने कोनी रतनपुर मार्ग पर बैठे 8 मवेशियों को कुचल दिया और भाग खड़ा हुआ। हादसे में सभी मवेशियों की मौत हो गई। देर रात पुलिस व ग्रामीणों ने मिलकर सभी मवेशियों को दफन किया गया है।

मंगलवार की रात 12 बजे कोनी रतनपुर मार्ग गतौरी ओवरब्रिज के नीचे कतार से 8 मवेशी बैठे हुए थे। इसी दौरान बेलगाम तेज रफ्तार से भारी वाहन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मवेशियों को कुचल दिया और भाग निकला। मवेशियों की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो कतार से मवेशी खून से लथपथ मृत पड़े हुए थे। उसमें से एक गाय गर्भवती थी, उसका पेट फट गया और बछड़े की मौत हो गई थी। भयावह दृष्य देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के सदस्य मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलते ही कोनी थाना एएसआई चिरंजीवी राठौर स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस की समझाइश पर लोग शांत हुए।



हादसे के बाद सड़क पड़े मवेशी।

### प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी, आरोपी को 10 साल कैद, 1 लाख रुपए जुर्माना

**बिलासपुर।** कोर्ट ने कार में प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी करने वाले आरोपी को 10 साल कैद व 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। 24 मार्च 2024 को कोटा पुलिस को सूचना मिली कि एक कार सवार युवक बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने के लिए कोटा लोरमी की ओर जा रहा है। पुलिस ने गनियारी स्वास्थ केंद्र के पास घेराबंदी कर कार क्रमांक सीजी सीजी 10 एयू, 7499 को रोककर पुराना बस स्टैण्ड निवासी बृजेश कछुवाहा पिता स्व. मुरारी लाल कछुवाहा को पकड़कर गाड़ी की तलाशी ली, गाड़ी में 400 नग आनरेक्स सिरप बरामद किया गया था। पुलिस ने सिरप जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। 16 सितंबर को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट पीठासीन अधिकारी कु. पुष्पलता मारकण्डे ने दोनों पक्ष की गवाही के बाद आरोपी बृजेश कछुवाहा को धारा 21 सी एनडीपीएस एक्ट में 10 साल कैद व 1 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं पटाने पर चार अतिरिक्त सजा काटना होगा। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक संजय नामदेव ने पैरवी की है।

# हर घंटे बिजली होती रही बंद जम्पर काट कर जोड़ा

**बिलासपुर।** सदर बाजार में बीती रात हुई आगजनी के बाद आसपास के क्षेत्रों बिजली सप्लाई को लेकर खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। सदर व गोलबाजार में 14 घंटे बिजली सप्लाई पूरी तरह से नार्मल हो सकी। इस दौरान तेलीपारा, सरजू बगीचा, मसानगंज, मध्यनगरीय चौक जैसे इलाकों में भी बिजली की आंखमिचौली जारी रही।



गोलबाजार में लगी 4 दुकानों की आग के बाद सदर बाजार फीडर के अंतर्गत 2 ट्रांसफार्मर की सप्लाई डाइवर्ट कर दी गई थी। जिससे तेलीपारा और मसानगंज इलाकों की बिजली सप्लाई देर रात दुरूस्त हो सकी लेकिन गोलबाजार, सदरबाजार, गोड़पारा, सिटी कोतवाली जैसे जगहों में 14 घंटे तक बिजली सप्लाई नहीं हो सकी, इस दौरान व्यापारियों का हाल बेहाल होता रहा। गोल बाजार जोन कार्यालय द्वारा एलटी लाइनों के जम्पर जोड़ने के लिए दो ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद की गई, सुबह से लेकर शाम तक मरम्मत का कार्य किया गया, इस दौरान कई बार बिजली आती - जाती रही। सरजू बगीचा गली, मसानगंज, तेलीपारा, सिटी कोतवाली जैसे इलाकों में बिजली बंद का सामना करना पड़ा।

### पोल शिफ्टिंग, साढ़े 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मगरपारा मरीमाई मंदिर चौक और मगरपारा में पोल शिफ्टिंग की जाएगी। इस दौरान बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप रहेगी। बताया जा रहा है कि सुबह 11.30 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इसके साथ ही 11 केवी फीडर में मेटनेंस के लिए हर्ष विहार, विद्या नगर में भी गुरूवार को सुबह 11 से 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### जिले में अब तक 1073.3 मिमी बारिश दर्ज

बिलासपुर। जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 1073.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। अधीक्षक भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1362.6 मिलीमीटर तखतपुर तहसील में और सबसे कम बारिश 861.2 मिलीमीटर कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 1213.5 मिलीमीटर, बिल्हा तहसील में 1006.6 मिलीमीटर, मस्तूरी में 926.6 मिलीमीटर, सीपत में 979.2 मिलीमीटर, बोदरी में 995.8 मिलीमीटर, रिकार्ड की गई है।

# सीपत क्षेत्र में चोरों का आतंक, दो दुकान एक गोदाम का टूटा ताला

**बिलासपुर।** सीपत क्षेत्र में चोरों ने आतंक मचाते हुए दो दुकानों व एक गोदाम का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया।

सीपत पुलिस के अनुसार, झलमला निवासी धनंजय साहू सीपत ज्योत काम्प्लेक्स में आटो इलेक्ट्रानिक की दुकान चलाते हैं। 16 सितंबर को वे दुकान खोलने आए तो ताला टूटा मिला। बगल वाले दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखे तो 15 सितंबर की रात 2.30 बजे एक युवक चोरी करते नजर आ रहा है। उनके दुकान से तीन सेल्फ, तीन एल्टीनेटर, पांच स्कैब बैटरी, 12 सेल्फ बाड़ी, 8 सोलो नाई, 4 बैडेक्स चोरी हो गई थी। दूसरी घटना में टिकरापारा निवासी शशि नारायण गोले ग्राम फरहदा में फ्लाई एक्स ब्रिक्स फैक्ट्री चलाते हैं। बीती रात चोरों ने उनके गोदाम का ताला तोड़कर लोहे का गेट, दो नग लोहे का सांचा चोरी कर लिया गया है। तीसरी घटना में कुकुदा भांठापारा निवासी रविशंकर पत्रवानी मोहल्ले में किराना दुकान चलाते हैं।

■ सीसीटीवी फुटेद भी चोरों का सुराग नहीं

उनकी दुकान से पान मसाला, खाद्य सामाग्री चोरी हो गया था। उन्होंने मोहल्ले के करण सूर्यवंशी, दीपक सूर्यवंशी एवं उसके साथियों के द्वारा चोरी करने का संदेह जाहिर किया है। पुलिस ने तीनों मामले में अपराध कायम कर लिया है। पुलिस लगातार चोरी होने व सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।









## खबर संक्षेप

### विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**करगीरोड कोटा।** नगर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सिद्ध बाबा मां नारायणी चौक, सिद्ध बाबा मार्ग पर सीसी रोड, पार्षद निधि से निर्मित नाली स्लैब एवं नव निर्मित मां भगवती कृपा सेलिब्रेट पॉइंट का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव मनाया गया तथा भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद डोंगरी पारा में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत आवास एवं सीसी रोड का भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, पार्षद वेंकट लाल अग्रवाल, सुलेश पांडे एवं मुख्य नपा अधिकारी राहुल कुमार यादव की उपस्थिति में सामूहिक रूप से स्वच्छता, विकास और जनसेवा के संकल्प को दोहराया गया।

### परिक्षेत्रीय साहू संघ के निरंजन अध्यक्ष, राजकुमार उपाध्यक्ष बने



**मुंगेली।** परिक्षेत्रीय साहू संघ संगवाकापा के निर्वाचन में अध्यक्ष निरंजन साहू, उपाध्यक्ष राजकुमार साहू बने। ग्रामीण ईकाई के पदाधिकारी एवं स्वजाति बंधु की उपस्थिति में निर्विरोध निर्वाचन में का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। जिसमें पर्यवेक्षक सचिव तहसील साहू संघ डॉ. उमेश कुमार साहू एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चारभाट्ठा मेलाराम साहू के दिशा निर्देश में सुचारू रूप से हुआ। जिसमें सामाजिक सेवक तहसील फेकूराम साहू, पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष हरि राम साहू संगवा, भूतपूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष गनपत साहू, पूर्व सचिव ओंकार साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष नवागांव नारायण साहू, समस्त परिक्षेत्रीय ग्रामीण ईकाई के अध्यक्ष नेतराम साहू संगवा, बसंत साहू सुरदा, छन्नू साहू देवगांव, एसके साहू नवागांव घु., सुरेश साहू उमरिया की उपस्थिति में परिक्षेत्रीय साहू समाज संगवाकापा का निर्विरोध चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष निरंजन साहू संगवा, उपाध्यक्ष राजकुमार साहू, कोषाध्यक्ष नरेंद्र साहू, संगठन सचिव संदीप साहू एवं पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण संगवा राजेश साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष खेमचंद साहू संगवा, संगठन सचिव झड़ी राम साहू, कृष्णा साहू, संतर साहू, दिनेश साहू, सुभाष साहू, लक्षण, यशवंत साहू, मनोहर साहू, प्रहलाद साहू, धनेश साहू, सुखचंद साहू, आनंद साहू, बिसाहू, गणेश साहू, अजय साहू, राधेश्याम साहू, आत्मा राम साहू का चुनाव किया गया। जिसमें सभी समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

### पेट्रोलिंग टीम ने नाबालिग को किया परिजन के हवाले

**लालपुर।** लालपुर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने सक्रियता दिखाते हुए एक बड़ी अनहोनी को रोक लिया। दरअसल पिता की डांट से नाराज होकर एक नाबालिग लड़की रात में अपने घर से अकेले निकल गई, जिसे पेट्रोलिंग टीम ने वापस उसके घर पहुंचाया। थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि, बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान रात करीब 1 बजे पुलिस को एक नाबालिक लड़की सुनसान सड़क पर बैग लिए हुए अकेली घूमती मिली। संदिग्ध मामले की आशंका पर पुलिसवालों ने लड़की से पूछताछ की तो उसने पहले खुद को ग्राम दामापुर फिर बैगाकपा की रहने वाली बताते हुए पुलिस को गुमराह करने लगी। इस पर पुलिसवालों ने समझाइश प्यार से पूछताछ की तो लड़की ने अपने पिता की डांट-फटकार से तंग आकर घर से नाराज होकर निकल जाने की बात कही। नाबालिग गुरुवाइन डबरी की रहने वाली थी, जिसे पेट्रोलिंग टीम ने रात में ही परिजन को सुपर्द किया गया। परिजनों ने लालपुर पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। लालपुर पुलिस ने परिजनों को अपने बच्चो के साथ नरमी से पेश आने की समझाइश दी।



### मनियारी नदी में मिली अधेड़ की लाश, क्षेत्र में हड़कंप



**लोरमी।** मनियारी नदी में एक अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुड़िया चौकी क्षेत्र अंतर्गत 16 सितंबर को ग्राम महामाई पुराना रोड के पास मानियारी नदी में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना ग्रामीणों ने चौकी में दी। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची एवं शव को नदी से निकाल कर पंचनामा के बाद पीएम के लिए रवाना किया गया। शव की शिनाख्त धरमु बैगा पिता कोंदा बैगा 52 वर्ष निवासी राजक के रुप में हुई। पुलिस ने बताया कि, मृतक 12 सितंबर को शाम 5 बजे नदी में नहाने गया था। आशंका है कि, इस दौरान नदी में आई अचानक बाढ़ की चपेट में आकर वह बह गया होगा। देर रात तक मृतक के घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हुए विविध आयोजन

# सेवा पखवाड़ा के तहत की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ करही/मुंगेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत रामगढ़ स्थित मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी तरह जिले के सभी 11 मण्डलों में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में साफ सफाई की गई। इस अवसर पर जन सामान्य से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई तथा उन्हें स्वच्छता के महत्व की भी समझाईश दी गई।

मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान प्रातः 8 बजे से किया गया। जिसमें जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला भाजपा प्रवक्ता एवं सेवा पखवाड़ा प्रभारी मिट्ठलाल यादव, नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, पूर्व अध्यक्ष राणाप्रताप सिंह, रमेश बुनकर, प्रवीण सोनी, रामशरण यादव, अमितेश आर्य, महावीर सिंह, मन्नूलाल श्रीवास्तव, हीरालाल साहू, विजय बंजारा, विजय यादव, सत्तू सिंह, श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, पवन मिश्रा, अनूप जैन, राहुल पाठक, शंकर देवांगन, लवन डाहिरे, वासु देवांगन, रवि साहू आदि उपस्थित रहे। नगर पालिका ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मुक्तिधाम में श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा का शुभारंभ किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष पंडित जयप्रकाश मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, पार्षद असलम खान, पार्षद प्रतिनिधि आयुष शुक्ला, पार्षद प्रतिनिधि सत्येंद्र परिहार, पार्षद विजय बंजारे, निमेश देवांगन, रोशन सोनी, सहायक अभियंता प्रवीण साह, उपअभियन्ता अभियंता बियेक रंजन तिर्की, नेमीचंद वर्मा एवं अन्य नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत मुंगेली में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारम्भ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आमजनों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता फैलाना है।



सफाई में जुटे भाजपा जिलाध्यक्ष एवं कार्यकर्ता।



## आदि सेवा पर्व और सेवा पखवाड़ा पर लगी प्रदर्शनी

**गौरेला।** आदि सेवा पर्व, सेवा पखवाड़ा तथा विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी बुधवार को कलेक्ट्रेट में लगाई गई। जिला प्रशासन के सहयोग से जनसंपर्क विभाग की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवनी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित छायाचित्रों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

- विधायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नागरिक रहे मौजूद

विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, नगरपालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे एवं उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं महिलाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की। प्रदर्शनी में 30 मार्च 2025 को बिलासपुर में किए गए 33 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन एवं शिलान्यास, एक पेड़ मां के नाम, शिक्षा का एक नया अध्याय, डिजिटल से हुई पहचान-डिजिटल से भुगतान-डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, वर्षों का अंधेरा छटा, घर-घर में सूरज उगा, मेरे देश के जवान तुझको शत-शत प्रणाम, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, सुधारों का दौर, रक्षा बलों का कायाकल्प, कर्म के प्रति समर्पण, श्री मोदी के बचपन, पाठशाला, मां से मिला ईमानदारी का संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज सहित विभिन्न उपलब्धियों की झलक प्रदर्शित की गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रदर्शनी में जिला पंचायत सदस्य भंवर सिंह गोवाश, पूर्णिमा पैकरा, राधा रैदास, राकेश चतुर्वेदी, किशन ठाकुर, लालजी यादव, मनीष श्रीवास, कन्हैया राठौर, बृजलाल राठौर, तापस शर्मा, नीरज जैन एवं स्वसहायता समूह की महिलाएं प्रदर्शनी में शामिल हुए।

### स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण कर मनाया गया पीएम का जन्मदिन



**लोरमी।** भाजपा मंडल डिंडोरी के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन स्वच्छता अभियान चलाकर एवं पौधरोपण कर मनाया। मंडल के सदस्य गांधी चौक डिंडौरी में एकत्रित हुए एवं झाडू लगाते हुए साफ-सफाई कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को माल्यार्पण किया गया। इसके बाद स्कूल प्रांगण में 'एक पेंड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कोमल गिरी गोस्वामी, प्रदेश मेंबर धनीराम यादव, जिला संयोजक विनय साहू, मंडल प्रभारी रामेश्वर बंजारे, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, संयोजक महाजन जायसवाल, सह संयोजक बेदराम पटेल, अशोक सिंन्द्राम, माधव तिवारी, जन्मेजय जायसवाल, जिला सदस्य अनिता साहू, समुन्द सिंन्द्राम, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, उत्तम सिंह, राजेंद्र केशरवानी, उमेश लोनिया, विनोद यादव, रघुवीर साहू, नरेश मार्को, टोलीराम साहू, रामजी साहू, हरीश साहू, प्रहलाद यादव, मोहित साहू, छेदीराम, नारायण जायसवाल, धनयसाय साहू आदि उपस्थित रहे।

### डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में भाजपाइयों का सफाई अभियान



**मल्हार।** मां डिडनेश्वरी मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी मंडल के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मल्हार के महामंत्री राजकुमार वर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामनारायण कश्यप, बहोरन कैवर्त, प्रेमलाल जायसवाल, रवि केवट, अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, सभापति आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव, पार्षद मनराखन कैवर्त, पियूष पाटले, उमेश कैवर्त, अजय केवट, जतन केवट, सुखीराम, उमेश साहू, संतोष कैवर्त, देव कैवर्त, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष सिंह ठाकुर, प्रशांत यादव सहित नगर पंचायत के नागरिक जनप्रतिनिधि व कर्मचारी उपस्थित हुए।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का जीपीएम जिले में शुभारंभ



**गौरेला।** राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' का जिले में शुभारंभ बुधवार को हुआ, जो कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इस वर्ष अभियान की थीम 'स्वच्छोत्सव' रखी गई है, जो जनभागीदारी से स्वच्छता को उत्सव का रूप देने की पहल है। अभियान की शुरुआत नगर पालिका परिषद गौरेला के बस स्टैंड परिसर से की गई, जहां कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा सहित उपस्थित पार्षद एवं अधिकारियों ने झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और परिषर की साफ सफाई की। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने नगर पालिका गौरेला के सभा कक्ष में उपस्थित जनप्रतिनियों एवं जनसमुदाय को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मुकेश दुबे, उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, समस्त पार्षदगण निलेश साहू, अंकुर विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुरेश उईके, संदीप सिंघई सहित अधिकारी-कर्मचारी, एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## दशरंगपुर में किया गया सामूहिक पौधरोपण



**जरहागांव।** जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पद्मनी मोहले के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत दशरंगपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच लक्ष्मीचंद मोहले ने बताया कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान गांव में घूमकर कर स्वच्छता हेतु ग्रामीणों को जागरूक कर अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखने जागरूक किया गया। साथ ही सभी को कूड़ेदान में कचरा डालने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि कोई गांव की नाली में कचरा न डाले। इसी दौरान गांव के लोगों को पौधरोपण के लिए आमंत्रित किया गया, जिसमें अनेक ग्रामीण अपने साथ पौधे लेकर आए जिसे स्कूल, अस्पताल एवं सड़क किनारे रोपित किया गया। इस अवसर पर सरपंच लक्ष्मी चन्द मोहले ने कहा कि, पेड़ लगाकर केवल औपचारिकता न निभाएं, अपितु यह स्मरण रहे कि इनका जतन करना भी अत्यन्त आवश्यक है। क्योंकि पौधा एक शिशु की भांति होता है, जिसका जतन बड़ी मेहनत से करना होता है।

## मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ



**करगीरोड कोटा।** नगर पंचायत कोटा से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ कर विश्वकर्मा जयंती की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने हरी झंडी दिखाकर की। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी राहुल कुमार यादव ने कहा कि, 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर के प्रत्येक घर में सफाई व्यवस्था को नियमित रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि, स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की नींव है, इसलिए इसे जनआंदोलन के रूप में अपनाना आवश्यक है। इस मौके पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। शपथ समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ नगर पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला अध्यक्ष, महामंत्री सुलेश पांडे, पार्षद वेंकट लाल अग्रवाल, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी जितेंद्र यादव, पीआईयू टीम, स्वच्छता दीदियां आदि मौजूद रहीं।

## कांग्रेस नेताओं ने निकाली पदयात्रा, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**मुंगेली।** छत्तीसगढ प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलेट पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, चरणदास महंत, टीएस बाबा, देवेन्द्र यादव, उमेश पटेल, जयसिंह अग्रवाल, गिरिश देवांगन, मोहन मरकाम, ताम्रध्वज साहू, शिव डहरिया, गुरू रूद्र कुमार, गुरू आकाश शर्मा जिले के प्रवास पर रहे। जहां जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान जिला, शहर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपने प्रवास के दौरान उन्होंने नगर के पुराना बस स्टैण्ड में गांधी प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर अपने पदयात्रा की शुरूआत की। जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए आदर्श कृषि उपज मंडी के बीच अलग-अलग जगहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। नगर के मंच से श्री पायलेट ने बिहार की भूमि राहुल गांधी द्वारा दिए गए नारे वोट चोर गद्दी छोड पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में एक ही नारा गूंज रहा है देश की जनता अपने साथ हुए अन्याय का जवाब मांग रही है। आने वाले समय मे जनता इसका जवाब देगी। सचिन पायलेट के इस दौरे ने मुंगेली कांग्रेस में एक बार फिर जोश फूंक दिया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा को आडे हाथों लिया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंचासीन होते ही कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल से बेमेतरा रवाना होते हुए श्री पायलेट का काफिला जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर के निवास पर कुछ क्षणों के लिए रूका, जहां उन्होने श्री भास्कर की दादी स्व. श्रीमती सहेला बाई भास्कर को श्रद्धांजली दी।



पदयात्रा में शामिल कांग्रेस नेता।

## स्वास्थ्यकर्मियों ने प्रधानमंत्री को भेजा पोस्टकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल के 31वें दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर पोस्ट कार्ड के माध्यम से छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी को लागू कर ग्रेड पे और नियमितीकरण का उपहार देने का निवेदन किया। पोस्ट कार्ड को डाक के माध्यम से नई दिल्ली प्रधानमंत्री कार्यालय के पते पर प्रेषित किया गया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के कर्मचारियों की हड़ताल अब 31वें दिन में प्रवेश कर गई। राज्य सरकार ने अल्टीमेटम जारी किया था कि सभी कर्मचारी मंगलवार से यदि काम पर वापस नहीं लौटे तो उन्हें 1 महीने का नोटिस देकर बर्खास्त कर दिया जाएगा। सरकार के अल्टीमेटम के बावजूद भी कर्मचारी संघ ने हड़ताल वापस नहीं ली। लिहाजा उन्होंने आगर क्लब परिसर मे अपनी 10 सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल मे डटे हुए हैं।

इस अवसर पर डॉ. शशांक उपाध्याय, डॉ. अखिलेश बंजारे, डॉ. मीनाक्षी बंजारे, डॉ ज्योति पाण्डेय, डॉ. ज्योति कश्यप, डॉ. वाद्यकार, रितेश मिश्रा, वीणा टंडन, उषा देवांगन, राहुल पाण्डेय, विनोद देवांगन, नम्रता बंजारे, गोविंद साहू, बलराम साकत, विश्वनाथ चंद्राकर, संतोष बघेल, संदीप बंजारे, देवी साहू, अमित सिंह, राजेंद्र राजपूत, गेंदलाल सोनवानी सहित समस्त संविदा स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री को पोस्ट कार्ड प्रेषित करते स्वास्थ्यकर्मी।

### 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

# खिलाड़ियों की प्रतिभा से ही प्रदेश का भविष्य चमकेगा: कलेक्टर

**मुंगेली।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 16 सितम्बर से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल दाऊपारा में ध्वजारोहण कर किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में बिलासपुर विरूद्ध बस्तर संभाग के खेल में 16-02 विजेता मेजबान संभाग बिलासपुर के खिलाड़ियों को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जिले में होना गर्व का विषय है, इस प्रतियोगिता से चयनित होकर खिलाड़ी देश में नाम रोशन करेंगे। खिलाड़ियों की प्रतिभा से ही प्रदेश का भविष्य चमकेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का जिले में आयोजन होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से प्रतियोगिता में शामिल होने प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने द्वितीय दिवस अवलोकन किया। विधायक मोहले ने शतरंज प्रतियोगिता कक्ष में प्रतिभागियों से रूबरू होकर निरीक्षण किया तत्पश्चात राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का भी अवलोकन किया। जिसमें बालक वर्ग में बिलासपुर विरूद्ध बस्तर संभाग के खेल में 16-02 विजेता मेजबान संभाग बिलासपुर के खिलाड़ियों को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में विधायक श्री मोहले ने सभी प्रतिभागियों को उत्साहित करते हुए कहा कि अध्ययन में यदि आप स्थान ना बना पाए तो खेलकूद के माध्यम से अपने माता-पिता, जिले एवं राज्य का नाम रोशन कर अपना भविष्य बनाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ नागरिक देवचरण भास्कर, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, वरिष्ठ गणमान्य नागरिक लोकनाथ सिंह, मानिक लाल सोनवानी, जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, एडीपीओ अजय नाथ, डीएमसी ओपी कौशिक, जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत रामनाथ गुप्ता, शाला प्राचार्य एवं खेल संयोजक डॉ.आई.पी.यादव, सहा. जि. क्रीडा अधिकारी विजय वर्मा, एपीसी यूके शर्मा, अशोक कश्यप, शतरंज सह संयोजक सुबोध सिंह, नेटबॉल सह संयोजक निर्मल जांगड़े, पी.टी.आई. राजेन्द्र प्रसाद साहू, जिला प्रभारी लिपिक चंद्रकांत देवांगन सहित शाला के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रतिभागी उपस्थित रहे।



खिलाड़ियों के साथ अतिथि।

## सागर एवं लोमश का टेबल टेनिस में उम्दा प्रदर्शन



**लोरमी।** बिलासपुर में आयोजित 25वीं शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अंडर-14 बालक वर्ग से सागर ध्रुव, लोमश कश्यप, सुधीर कश्यप, आलोक कश्यप शासकीय पूमा शाला लालपुर एवं अमित मेहर शासकीय पूमा शाला कोतरी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सागर ध्रुव एवं लोमश कश्यप ने 25 से 28 सितम्बर तक दुर्ग में होने वाली राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। उक्त प्रतियोगिता में वे बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। कलेक्टर कुंदन कुमार एवं जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, विकासखंड शिक्षाधिकारी मनीषा पाटले, खेल प्रभारी सुबोध सिंह के कुशल मार्गदर्शन में बच्चो ने उक्त खेल में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।